हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–267 : जौनपुर, मंगलवार 01 फरवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## संगम पर मौन डुबकी के लिए लाखों श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

प्रयागराज ब्यूरो : माघ मेले के तीसरे सबसे बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर मौन डुबकी मंगलवार को लगी, लेकिन इससे पहले ही संगम पर आस्था का ज्वार उमड़ पड़ा। सोमवार को संगम समेत पांच सेक्टरों में बने स्नान घाटों पर कहीं तिल रखने की जगह नहीं बची। संगम जाने वाली सड़कों से लेकर पांटून पुलों तक श्रद्धालुओं सिर्फ श्रद्धालुओं का कारवां चलता रहा। सिर पर गठरी, झोला लिए लोग से मौन डुबकी के संकल्पों को पूरा करने के लिए बढ़ते रहे। संगम समेत गंगा के नौ घाटों पर इस बार डुबकी लगेगी। कोरोना संक्रमण से सतर्कता के लिए मेले के प्रवेश द्वारों समेत 22 स्थानों पर टेस्टिंग और स्क्रीनिंग सेंटर बनाए गए हैं। सोमवार की देर शाम तक पांच सेक्टर में बसे संतों, तीर्थपुरोहितों के शिविरों में लाखों श्रद्धालुओं ने डेरा डाल दिया। इस दिन अमावस्या लगने की वजह से संगम क्षेत्र से जुड़े राजमार्गों के अलावा रेती पर बसे शिविरों से एक दिन पहले ही आस्थावानों का रेला मौन डुबकी के लिए उमड़ने लगा। सुबह घने कोहरे के बीच भक्ति की लहरें हिलोरें मारने लगीं। लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा–यमुना और अदृश्य संगम में डुबकी लगाई। चाहे काली मार्ग हो या लाल मार्ग या फिर अक्षयवट और त्रिवेणी मार्ग, संगम जाने वाली हर सड़क श्रद्धालुओं से पैक हो गई। भीड़ को देखते हुए मेला क्षेत्र में वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई। पांच सेक्टर में बसे मेले में छह ऐसे स्थानों पर वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है, जहां से संगम जाने के लिए कम चलना पड़े। सुरक्षा के लिए स्नान घाटों के अलावा मेला क्षेत्र में सेक्टर वाइड आतंकवाद निरोधी दस्ता समेत पांच हजार से अधिक जवान तैनात कर दिए गए हैं। मेला प्रशासन ने 45 लाख श्रद्धालुओं के एक दिन पहले ही डुबकी लगाने का किया दावा । अमावस्या लगने की वजह से संगम पर सोमवार को ही मौन डुबकी लगने लगी। त्रिवेणी संगम समेत गंगा के नौ स्नान घाटों पर मेला प्रशासन ने देर शाम तक 45 लाख श्रद्धालुओं के पुण्य की डुबकी लगाने का दावा किया। स्नान घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए गोताखोर तैनात। मेला क्षेत्र में बनाए गए स्नान घाटों पर भीड़ के मद्देनदर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जल पुलिस के जवानों के अलावा प्रशिक्षित गोताखोरों को भी स्नान घाटों पर तैनात किया गया है। साथ ही सफाई के लिए कर्मियों की शिफ्ट वाइज तैनाती की गई है, ताकि आस्था के मेले से स्वच्छता का संदेश दिया जा सके। स्नान घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए गोताखोर तैनात। मेला क्षेत्र में बनाए गए स्नान घाटों



पर भीड़ के मद्देनदर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जल पुलिस के जवानों के अलावा प्रशिक्षित गोताखोरों को भी स्नान घाटों पर तैनात किया गया है। साथ ही सफाई के लिए कर्मियों की शिफ्ट वाइज तैनाती की गई है, ताकि आस्था के मेले से स्वच्छता का संदेश दिया जा सके। मंडलायुक्त ने की मौनी अमावस्या स्नान की तैयारियों की समीक्षा मंडलायुक्त संजय गोयल ने सोमवार को ट्रिपलआईसी सभागार में मौनी अमावस्या स्नान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिक भीड़भाड़ वाले इलाकों में आपातकालीन स्थिति से निबटने के लिए कंटीजेंसी प्लान का उपयोग करने, मेडिकल इमरजेंसी पड़ने पर सेक्टरवाइज एंबुलेंस का उपयोग करने के साथ ही मेला के सभी प्रवेश द्वारों और घाटों पर कोविड हेल्प डेस्क को चौबीस घंटे सक्रिय रखने के भी निर्देश दिए। इस समीक्षा बैठक में डीएम संजय खत्री, एसएसपी अजय कुमार मेलाधिकारी अरविंद चौहान, एसपी मेला राजीव नारायण मिश्रा समेत कई अफसर उपस्थित थे। 5,000 से अधिक जवानों ने संभाली मौनी अमावस्या स्नान पर्व की सुरक्षा। 09 घाटों पर मौन डुबकी के लिए मेला प्रशासन ने किए इंतजाम। 22 स्थानों पर कोविड–19 की टेस्टिंग और स्क्रीनिंग सेंटर बनाए गए। 24 जगह मेला क्षेत्र में कोविड हेल्प डेस्क की गई स्थापित। 30 एंबुलेंस संगम समेत हर मेला सेक्टर में लगाई गई। मौनी अमावस्या पर दुर्लभ संयोग,मकर राशि पर शनि के साथ रहेंगे सूर्य–चंद्रमा। मौनी अमावस्या पर इस बार त्रिग्रहीय योग बेहद शुभ फलदायी माना जा रहा है। ज्योतिषियों के मुताबिक 27 साल बाद मौनी अमावस्या पर मकर राशि में शनि और सूर्य के साथ चंद्रमा भी विराजमान रहेंगे। बुध, शनि और सूर्य युति भी इस स्नान पर्व को खास बनाएगी। ऐसे में इस पर्व पर मौन डुबकी से सुख–समृद्धि का प्रदाता बनेगी। सोमवार की दोपहर दो बजे ही मौनी अमावस्या लग गई। ऐसे में सोमवती अमावस्या मान कर बड़ी संख्या में लोगों ने स्नान और दान किया। इसी वजह से त्रिवेणी अमावस्या का स्नान पर्व आरंभ हो गया, लेकिन सनातनी मान्यता के लिहाज से पुण्यकाल मंगलवार की सुबह उदया तिथि से माना जाएगा। ज्योतिषाचार्य पं. ब्रजेंद्र मिश्र के अनुसार अमावस्या मंगलवार की दोपहर 11:46 बजे तक है। ऐसे में पुण्यकाल सूर्योदय से शुरू होगा, लेकिन पूरे दिन मौनी अमावस्या की डुबकी लगेगी। इस दिन तीन ग्रहों की युति की वजह से घनिष्ठा नक्षत्र और महोदय योग में इस बार ही मौनी अमावस्या पड़ रही है। खास बात यह है कि इस बार मौनी अमावस्या पर मकर राशि में शनि और सूर्य के साथ चंद्रमा साथ रहेंगे। ऐसे में मौन डुबकी का महत्व बढ़ जाएगा।

## ईडी अफसर राजेश्वर सिंह का वीआरएस हुआ मंजूर : बीजेपी के टिकट पर सुल्तानपुर से चुनाव लड़ने की दिख रही संभावना

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या मंडल के सुल्तानपुर जिले से उत्तर प्रदेश में बड़ी सरकारी नौकरी छोड़कर सियासत में किस्मत आजमाने वाले अधिकारियों की लिस्ट में एक और नाम जुड़ गया है।सूत्र के मुताबिक प्रवर्तन निदेशालय के लखनऊ ऑफिस के संयुक्त निदेशक राजेश्वर सिंह ने सोमवार देर रात अपना वीआरएस आवेदन स्वीकृत होने की जानकारी देने के साथ राजनीति में आने की अपनी मंशा भी साफ कर दी।इस संबंध में ईडी अफसर राजेश्वर सिंह ने लिखा कि 24 वर्षों का यह कारवां आज एक पड़ाव पर रुका। उन्होने लिखा कि आज वे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताते है।इसके साथ ही उन्होंने एक संदेश भी ट्वीट किया है, जिसमें लिखा है कि अब वे राजनीति के क्षेत्र में पदार्पण करना चाहते हैं।सूत्र के मुताबिक वे कि राजेश्वर सिंह करीब 24 वर्षों की सरकारी सेवा कर चुके हैं और उनका 11 वर्ष का सेवाकाल अभी बचा हुआ था।इस बीच उनके गृह जिले सुल्तानपुर से बीजेपी के टिकट लड़ने की संभावना जताई जा रही है।खबर है कि राजेश्वर सिंह आज मंगलवार को बीजेपी की सदस्यता ग्रहण करेंगे।राजेश्वर सिंह प्रांतीय पुलिस सेवा (पीपीएस) के 1994 बैच के अधिकारी हैं।वह लखनऊ में सीओ गोमतीनगर व सीओ महानगर के पद पर तैनात रह चुके हैं। शलखनऊ के अलावा प्रयागराज में भी उन्होंने



अहम पदों पर जिम्मेदारी संभाल चुके है।राजेश्वर वर्ष 2009 में प्रतिनियुक्ति पर ईडी में गए थे और बाद में उन्हें ईडी में समायोजित कर लिया गया था।तेजतर्रार अधिकारियों में गिने जाने वाले राजेश्वर सिंह ने 2जी घोटाला, जगनमोहन रेड्डी केस, कॉमनवेल्थ गेम्स मामला, अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर डील केस जैसे कई अहम मामलों की जांच की है।अब लगभग 10 वर्ष उत्तर प्रदेश पुलिस में और 14 वर्ष ईडी में अपनी सेवाएं देने के बाद अब वह नौकरी छोड़कर दूसरी पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं।मालूम हो कि आइजी रेंज, लखनऊ लक्ष्मी सिंह उनकी पत्नी हैं।बता दें कि इससे पहले एक अन्य आइपीएस अधिकारी असीम अरुण वीआरएस लेकर अपनी सियासी पारी का आगाज कर चुके हैं।वह कन्नौज की सदर सीट से भाजपा के प्रत्याशी हैं।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## केंद्रीय बजट से व्यापारियों में घनघोर निराशा

आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल एवं फिक्की के संयुक्त तत्वाधान में सप्रू मार्ग, हजरतगंज स्थित इंडिया अवध होटल में "बजट चर्चा" कार्यक्रम का आयोजन हुआ। व्यापारियों और उद्योगपतियों ने संयुक्त रूप से वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए बजट का




सजीव प्रसारण देखते हुए बजट पर चर्चा की बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए संगठन अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा पेश किया गया बजट व्यापारियों के लिए घनघोर निराशाजनक रहा उन्होंने कहा सरकार से व्यापारियों को बड़ी उम्मीदें थी तथा चुनावी माहौल होने के कारण व्यापारियों को अनेक प्रकार के घोषणाओं की उम्मीद थी लेकिन केंद्रीय वित्त मंत्री ने व्यापारियों की पूरी तरह उपेक्षा की उन्होंने कहा व्यापारियों को उम्मीद थी कि आयकर के स्लैब में परिवर्तन होगा, व्यापारियों के लिए ऋण योजनाओं की घोषणा होगी, ई–कॉमर्स और व्यापार नीति की घोषणा होगी, तथा उद्योगों और जीएसटी के सरलीकरण की बात की जाएगी ,लेकिन व्यापारियों के लिए कुछ भी बजट में नहीं था संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा यह बजट सिर्फ भाषाई जादूगरी है और जलेबी की तरह गोल गोल घुमाने वाला है नोटबंदी से लेकर आज तक व्यापारी केवल कड़वी दवाई ही पा रहा है उसे कोई राहत नहीं मिली आयकर स्लैब में ना राहत मिली, ना जीएसटी में कोई राहत मिली सरकार ने व्यापारियों को पूरी तरह नकारा है संगठन के नगर उपाध्यक्ष मनीष जैन गारंटी स्कीम का स्वागत किया नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह ने बजट पर असंतोष जताया संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल ने भी बजट को व्यापारियों के लिए निराशाजनक बताया संगठन की महिला इकाई के अध्यक्ष अनिला अग्रवाल ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट में महिलाओं के लिए भी कुछ विशेष नहीं किया गया बजट चर्चा कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी ,नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम, नगर उपाध्यक्ष मनीष जैन, युवा इकाई के अध्यक्ष आशीष गुप्ता, महिला इकाई के अध्यक्ष अनिला अग्रवाल, नगर उपाध्यक्ष सलीम अहमद, नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद आदिल, महिला इकाई के उपाध्यक्ष रीमा अग्रवाल, शालिनी रस्तोगी ,नगर उपाध्यक्ष रोहित जायसवाल, फिक्की के एलके झुनझुनवाला, दिव्यज्योत सिंह आदि मौजूद थे।

## कीर्ति कुंज और गहना कोठी पर आयकर विभाग की छापेमारी जारी : दूसरे दिन दस्तावेजों को खंगाल रही टीम

जौनपुर ब्यूरो : आयकर विभाग की गोरखपुर और वाराणसी की टीमों की जौनपुर जिले के ज्वेलरी शोरूम गहना कोठी, कीर्ति कुंज के शोरूम और इनके मालिकों के घरों पर दूसरे दिन भी जांच जारी है। सोमवार की सुबह साढ़े पांच बजे से टीमों की छापेमारी जारी है और अभी भी जरूरी दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। टीम ने रात भी वहीं गुजारी। आयकर सहायक निदेशक (जांच) गोरखपुर और वाराणसी के अलावा 15 से अधिक गाड़ियों से अधिकारी, कर्मचारी व सुरक्षाकर्मी सोमवार की सुबह साढ़े पांच बजे शहर कोतवाली क्षेत्र में कीर्ति कुंज और गहना कोठी के मालिकों के शोरूम और घर पर पहुंचे थे। चहारसू स्थिति कीर्ति कुंज के मालिक के घर का दरवाजा आधे घंटे बाद खोला गया। इसके बाद टीम अंदर जाकर जांच–पड़ताल में जुट गई थी। उधर रासमंडल स्थित गहना कोठी के मालिक के घर, कोतवाली चौराहे स्थित शोरूम और नखास स्थित शोरूम में टीम ने छापा मारा। टीम के अधिकारियों ने शोरूम बाहर से बंद कर दिया है। कीर्ति कुंज प्रतिष्ठान के मालिक नन्हे लाल वर्मा के दो बेटों को टीम गाड़ी में बैठाकर ले गई। जनपद की पुलिस को दूर रखा। आयकर



विभाग की टीम ने कार्रवाई से जनपद की पुलिस को दूर रखा। सुरक्षा के लिए टीम वाराणसी से अपने साथ पुलिस कर्मियों को ले आई थी। हालांकि कार्रवाई लंबी चलने की उम्मीद पर आयकर विभाग की टीम के एक सदस्य ने जनपद की पुलिस से संपर्क किया। आवश्यकता पड़ने पर 40 से अधिक पुलिस कर्मियों की मांग की।

## मौनी अमावस्या : वाराणसी में श्रद्धालुओं का उमड़ा रेला, कोहरे के बीच गंगा में लगाई डुबकी

वाराणसी ब्यूरो : मौनी अमावस्या के पर्व पर मंगलवार को वाराणसी के गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। कोहरे और ठंड के बीच उन्होंने गंगा में डुबकी लगाई। इस दौरान घाटों पर सुक्षा के सख्त इंतजाम किए गए थे। आस्थावान सूर्योदय होने से पहले ही घाटों पर पहुंच गए थे। मौनी अमावस्या पर सुबह से ही दशाश्वमेध घाट, शीतला, राजेंद्र प्रसाद, दरभंगा घाट, पांडे घाट, निरंजनी घाट, पंचगंगा घाट, गाय घाट, केदार घाट, निरंजनी घाट, जैन घाट, भदैनी, अस्सी और सामने के अलावा अन्य रामनगर आदि गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं ने गंगा आस्था की डुबकी लगाई। गंगा स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं का जत्था भोर से ही घाटों पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। स्नान के बाद तिल के लड्डू, तिल का तेल, गर्म कपड़े आदि दान किया। घाटों पर भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से राजघाट से सामने घाट तक पुलिस मुस्तैद रही। अस्सी घाट पर वाहनों को जाने की मनाही थी। घाट से पहले ही डुमराव



बाग में वाहनों को बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया गया था।आलम यह था की अस्सी से मुमुक्षु भवन तक वाहनों की कतार लग गई थी। समाजसेवी ने संगठनों की ओर से घाटों पर चाय वितरित की जा रही थी। मौनी अमावस्या पर काशी विश्वनाथ, केदारेश्वर महादेव के अलावा हनुमान मंदिर तुलसी घाट, अस्सी संघमेश्वर आदि मंदिरों और शिवालयों में श्रद्धालुओं ने पूजन–अर्चन किया। अस्सी घाट पर दीपक मिश्र, कृष्णमोहन, राघवेंद्र मिश्र मौजूद थे।

## वाराणसी रोपवे परियोजनाः वीडीए कार्यालय में आज खुल सकती है निविदा : 3.65 किमी तक प्रस्तावित संचालन

वाराणसी ब्यूरो : काशी में रोपवे संचालन को लेकर निविदा निकाले जाने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी सोमवार को निविदा नहीं निकाली जा सकी। अब एक फरवरी को एक बार फिर से वीडीए कार्यालय में निविदा खोली जा सकती है। ऐसे में सभी की नजर इस पर टिकी हैं। हालांकि विधानसभा चुनाव को लेकर जारी आचार संहिता के बीच निविदा खोले जाने को लेकर उहापोह की स्थिति है। माना जा रहा है अभी इसके लिए और इंतजार करना पड़ सकता है। काशी में करीब 3.65 किलोमीटर तक प्रस्तावित रोपवे संचालन पर करीब 410 करोड़ रुपये खर्च होने होंगे। प्रदेश स्तर पर कैबिनेट की मंजूरी के बाद स्थानीय स्तर पर रोपवे की निविदा की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। इसको लेकर कई नामीगिनामी कंपनियों ने निविदा प्रक्रिया में भाग लिया था। पहले 18 दिसंबर और फिर 24 दिसंबर को जब निविदा नहीं खुल सकी थी तो इसकी तिथि बढ़ाकर वीडीए की ओर से 31 जनवरी कर दी गई थी। इधर 31 जनवरी को भी निविदा नहीं खुल सकी। जिस तरह से कोरोना का संक्रमण चल रहा है, ऐसे में निविदा में शामिल होने वाली कुछ कंपनियों ने भी वीडीए से और समय मांगा हैं।



वीडीए के सचिव सुनील वर्मा ने बताया कि रोपवे के लिए आधा दर्जन से अधिक कंपनियों ने आवेदन किया है। नए आवेदन नहीं लिए जाएंगे। एक फरवरी को निविदा खोली जाएगी। इस पर आचार संहिता का कोई असर नहीं है।

## विशेष सचिव पशुधन विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जिला अस्पताल का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : माननीय विशेष सचिव पशुधन विभाग उत्तर प्रदेश शासन देवेंद्र कुमार पांडेय द्वारा जिला अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की गई। माननीय सचिव जी के द्वारा हेल्प डेस्क के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक लोगों की सैंपलिंग की जाए और लक्षणयुक्त मरीजों को कोरोना की मेडिकल किट उपलब्ध करा दी जाए। मा0 सचिव जी के द्वारा वैक्सीनेशन कक्ष का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि 15 से 18 एवं बुजुर्गों को कोविड–19 का टीकाकरण किया जा रहा था। उन्होंने ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया और सीएमएस ए.के. शर्मा को निर्देश दिया कि ऑक्सीजन प्लांट चलाए जाने हेतु प्रशिक्षण दे दिया जाए, जिस पर सीएमएस द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में ही प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसके उपरांत मा0 विशेष सचिव द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित कोरोना कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पूछा कि प्रतिदिन कितने लोगों को फोन किया जा रहा है और इससे क्या सकारात्मक परिणाम आ रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि अवशेष लोगो को जल्द से जल्द सेकंड डोज लगवाये जाए। 15 से 18 वर्ष एवं बुजुर्गो को बूस्टर डोज लागाये जाने की समीक्षा की और आवश्यक दिशा–निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला, जिला विकास अधिकारी बी.बी. सिंह, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कमलेश कुमार मौर्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी राजेश सिंह, उपायुक्त मनरेगा भूपेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
योगी न बन सकें तो उपयोगी अवश्य बनें।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# केंद्रीय बजट : उम्मीदों को साकार करने का अवसर

आम आदमी के लिए बजट ने अपनी प्रासंगिकता खो दी है। आयकर से संबंधित बजट घोषणाओं की बहुत प्रतीक्षा की जाती है, लेकिन इस मोर्चे पर छूट की बहुत संभावना नहीं है। दो साल पहले नई कर प्रणाली की घोषणा की गई, लेकिन कोई भी इस नई प्रणाली को स्वीकार नहीं करना चाहता, क्योंकि यह कर बचत का अवसर प्रदान नहीं करती, आम आदमी जिसे जबरन बचत और निवेश के रूप में देखता है, यह उसका एक अभिन्न अंग है।

बहुत पुरानी बात नहीं है, जब वित्तमंत्री द्वारा केंद्रीय बजट पेश किए जाते वक्त सड़कें सूनी पड़ जाती थीं और लोग टीवी सेट से चिपके रहते थे। लेकिन यह सब कुछ पिछले कुछ वर्षों में बदल गया है। मसलन, रेल बजट जहां पूरी तरह खत्म हो गया है, वहीं बजट सरकार के लिए अपनी योजनाओं को पूरा करने का एकमात्र अवसर नहीं रह गया है। हाल के वर्षों में बजट भाषण एक विजन डॉक्यूमेंट बन गया है और बजट आवंटन सिर्फ आने वाले वर्ष के लिए नहीं, बल्कि तीन से पांच साल की समय सीमा के लिए किया जा रहा है।

बजट में कई ऐसी घोषणाएं होती हैं, जिसमें नियोजित व्यय के लिए धन आवंटित किए जाते हैं, लेकिन आवंटन का विवरण संबंधित मंत्रालयों के ऊपर छोड़ दिया जाता है। उदाहरण के लिए, वर्ष 2020 में, कोविड के कहर ढाने से बहुत पहले सरकार ने 111 लाख करोड़ रुपये राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन परियोजना के लिए आवंटित किए थे, जिसे बाद में संशोधित कर वर्ष 2025 तक पांच वर्षों के लिए 145 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया। हालांकि, उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, पाइपलाइन में अभी तक इस फंड का सिर्फ पांच फीसदी ही इस्तेमाल हुआ है।

इसी तरह अगस्त, 2021 में, बजट के महीनों बाद, सरकार ने एक और महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय मौद्रीकरण पाइपलाइन (एनएमपी) की घोषणा की, जिसके तहत चार साल की अवधि में यानी वित्त वर्ष 2025 तक सरकार की परिचालन संपत्ति का मौद्रीकरण कर छह लाख करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद है। हालांकि यह घोषणा सरकार के बजट खर्चों के लिए धन उपलब्ध कराने को सही ठहराती है, लेकिन वर्षों से ऐसे लक्ष्य केवल लक्ष्य बनकर रह गए हैं और कई बार इनमें समय सीमा की चूक हुई है।

वर्ष 2015 में जब 'बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ' योजना की शुरुआत हुई थी, तब इसे लड़कियों की शिक्षा के लिए बड़े बदलाव लाने वाला माना गया था। इस योजना के प्रचार ने कई भारतीयों को विश्वास दिलाया होगा कि यह समाज में महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रही है। लेकिन हाल ही में लोकसभा में महिला सशक्तीकरण पर संसदीय समिति द्वारा पेश की गई एक रिपोर्ट से पता चला कि इस योजना के लिए आवंटित 80 फीसदी धनराशि केवल प्रचार पर खर्च की गई!

समिति ने पाया कि वर्ष 2016–2019 की अवधि के दौरान जारी किए गए कुल 446.72 करोड़ रुपये में से 78.91 प्रतिशत केवल मीडिया विज्ञापन पर ही खर्च कर दिए गए। ऐसी कई योजनाएं हैं, जिनकी घोषणा की जाती है, इनके लिए धन आवंटित किया जाता है, लेकिन वास्तविकता की जांच करने पर बाद में यह पता चलता है कि परियोजनाओं को वस्तुतः वास्तविक कार्य के लिए धन ही नहीं मिला है। कुछ मामलों में लक्ष्य इतने महत्वाकांक्षी थे कि आवंटित धन वास्तव में विकास के लिए अपर्याप्त साबित हुए।

ऐसे समय में, जब भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति अस्थिर है और बढ़ती भूख, घटते रोजगार सृजन, सार्वजनिक स्वास्थ्य की बदहाली और दरकते शिक्षा तंत्र पर ध्यान केंद्रित करना समय की मांग है, वर्ष 2022 का बजट एक ऐसे राष्ट्र की उम्मीदों को साकार करने का अवसर हो सकता है, जो सभी मोर्चों पर चमत्कार की प्रतीक्षा कर रहा है। यह सब तभी संभव है, जब बजट सार्वजनिक खर्च बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करे और इस प्रक्रिया में अपने दायरे में लोगों को रोजगार दे, जहां रिक्तियों को भरने और सभी वर्गों के लोगों को सहायता प्रदान करने की जरूरत है।

अब यह स्पष्ट हो गया है कि वर्ष 2019 में कॉरपोरेट जगत को जो कर लाभ दिया गया था, उसने वास्तव में क्षमता निर्माण या रोजगार सृजन में कोई मदद नहीं की, ऐसे में, कॉरपोरेट इंडिया पर टैक्स लगाना बुरा विचार नहीं है। इसी तरह, सरकार की राजकोषीय नीति कमजोर है–सिर्फ यही नहीं कि 2020–21 में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का दोगुना होकर 9.2 फीसदी हो गया, बल्कि दो साल की कोविड महामारी के कारण सरकार को अब कई बार दूसरी संस्थाओं के जरिये भी कर्ज लेना पड़ रहा है। यह नियोजित खर्च से बाहर का उधार होता है, जिसे बाद में बजट में शामिल किया जाता है। इस तरह यह सरकार के बजट के हिसाब पर असर डालता है।

आम आदमी के लिए बजट ने अपनी प्रासंगिकता खो दी है। आयकर से संबंधित बजट घोषणाओं की बहुत प्रतीक्षा की जाती है, लेकिन इस मोर्चे पर छूट की बहुत संभावना नहीं है। दो साल पहले नई कर प्रणाली की घोषणा की गई, लेकिन कोई भी इस नई प्रणाली को स्वीकार नहीं करना चाहता, क्योंकि यह कर बचत का अवसर प्रदान नहीं करती, आम आदमी जिसे जबरन बचत और निवेश के रूप में देखता है, यह उसका एक अभिन्न अंग है।

इसके अलावा, विभिन्न मंत्रालयों के साथ–साथ बदलती परिस्थितियों की प्रतिक्रिया के रूप में वित्तमंत्री द्वारा समय–समय पर की गई बजट–जैसी कई छोटी घोषणाओं ने भी केंद्रीय बजट के महत्व को कम कर दिया है। बजट को समझने का एक आसान तरीका यह है कि सरकार के राजस्व और उसके खर्चों और घाटे का विवरण देने वाले आंकड़ों को देखा जाए। राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) अधिनियम, 2003 ने सरकार के लिए अर्थव्यवस्था में वित्तीय अनुशासन स्थापित करने, सार्वजनिक धन के प्रबंधन में सुधार करने और राजकोषीय घाटे को कम करने का लक्ष्य निर्धारित किया था।

इस अधिनियम ने सरकार के सामने राजकोषीय घाटा कम करने का लक्ष्य निर्धारित किया और इसके अनुसार, सरकार को 31 मार्च, 2021 तक राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के तीन प्रतिशत तक लाना था। यह एक ऐसी समय सीमा है, जो कोविड महामारी के कारण चूक गई लगती है। साथ ही, अधिनियम के अनुसार, सरकार के ऋण को 2024–25 तक सकल घरेलू उत्पाद के 40 फीसदी तक सीमित किया जाना है, जो एक कठिन कार्य की तरह दिखता है।

घर, व्यवसाय या सरकार के लिए बजट प्रबंधन हमेशा दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण होता है। इसमें चुनने के लिए कई विकल्प होते हैं, पर सही निर्णय लेना कठिन नहीं होता। लेकिन सरकार की उधारी को परतों में छिपाकर और तीन से पांच वर्षों के लिए नियोजित खर्च कर केवल नियोजित बजट से दूर जाने की गुंजाइश ही बढ़ती है। इस तरह से संपूर्ण बजटीय कवायद को टेलीविजन पर केवल तमाशा ही बनाया जा सकता है, जो तत्काल सकारात्मक बदलाव को शायद ही संभव कर पाए।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# बेटा पढ़ाओ–संस्कार सिखाओ अभियान पर आधारित शार्ट फिल्म "मेरा हीरो" के पोस्टर का हुआ विमोचन

झुंझुनूं –देश की उपासना : बेटा पढ़ाओ–संस्कार सिखाओ अभियान पर आधारित हिंदी शॉर्ट मूवी "मेरा हीरो" के पोस्टर का विमोचन सोमवार को झुंझुनूं जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुड़ी ने अपने कार्यालय में किया। डिवाइन स्टूडियो झुंझुनूं बैनर तले बनी फिल्म के निर्माता, लेखक व डायरेक्टर मनोज मन्नू परदेशी ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के संयोजक कवि हरीश शर्मा व सह–संयोजक आकाश झुरिया की प्रेरणा से इस फिल्म का निर्माण समाज मे शिक्षा एवं संस्कारो की एक नई अलख जगाने के उद्देश्य से किया है। वर्तमान समय मे देश की युवा पीढ़ी संस्कारो के अभाव में नशे, चोरी आदि जैसे अनेकों गलत रास्तों पर चलकर अपना पूरा भविष्य खराब कर रहीं हैं। इस फिल्म में कलाकार शांतनु राज लवानिया, दलीप सीकरवाला, कीर्ति बरार, योगेश वर्मा मोजास, चंद्रप्रकाश शर्मा, जय बरार आदि कलाकार मुख्य भूमिका में नजर आयेगे। जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुड़ी ने अभियान पर बनी शॉर्ट मूवी की प्रशंसा करते हुये शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान पोस्टर का विमोचन बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के प्रबंधक योगेश कुमार शर्मा व स्टाफ सदस्यों के द्वारा बैंक परिषर में किया गया। बैंक प्रबंधक योगेश कुमार शर्मा ने कहा कि अगर बेटों में अच्छे संस्कार होंगे तो बेटियां स्वतः ही सुरक्षित हो जाएगी। पोस्टर विमोचन की अगली कड़ी में बीडीके अस्पताल के पीएमओ डॉ.वीडी.बाजिया व शिशु रोग विशेषज्ञ



आरएमओ डॉ.जितेंद्र भाम्बू के द्वारा अस्पताल परिषर में पोस्टर का विमोचन किया गया। बाजिया ने कहा कि आज वर्तमान समय में जरूरी है बेटों को शिक्षित के साथ–साथ संस्कारित करने की। अगर बेटों में अच्छे संस्कार होंगे तो बेटियों को कभी भी किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नही करना पड़ेगा। आज अतिआवश्यक हैं मिट रहें संस्कारों की अलख को फिर से जगाने का। इस सराहनीय पहल को लेकर अभियान के संयोजक कवि हरीश शर्मा व समस्त टीम को शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं। इस दौरान सभी को अभियान पर लिखित पुस्तक भेंट की गई। इस अवसर पर अभियान के सयोंजक कवि हरिश शर्मा, सह–सयोंजक आकाश झुरिया, डायरेक्टर मनोज मन्नू परदेशी सहित अन्य सदस्य महानुभाव उपस्थित रहें।

# मिनिमम गवर्नमेंट मैक्सिमम गवर्नेंस : निजीकरण से कर्मचारी कल्याण संभव नहीं– सुनील यादव

आर एल पाण्डेय लखनऊ। बजट के प्राथमिक अध्ययन के बाद ऐसा लगता है कि यह बजट कर्मचारियों के लिए निराशाजनक है । कर्मचारियों की मांग थी कि पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए जिस पर वित्त मंत्री ने कुछ नहीं कहा, आयकर स्लैब में कोई बदलाव नही हुआ, कर्मचारियों की मांग थी कि 10 लाख तक आय को करमुक्त किया जाए लेकिन निराश ही हाथ लगी । वहीं निजीकरण , आउटसोर्सिंग की जगह स्थाई रोजगार सृजन करने की आस देख रहे कर्मचारियों को निराशा हुई क्योंकि सरकार सरकारी क्षेत्र में निजी निवेश को बढ़ाने का फैसला लिया । ऐसा प्रतीत होता है कि अब सरकार कर्मचारियों को दोयम दर्जे का नागरिक मानती है इसलिए बजट में कर्मचारियों हेतु कोई घोषणा नहीं है । कोविड काल मे सरकारी कर्मचारियों ने अपनी जान की परवाह



किये बगैर देश के लिए कार्य किया था लेकिन कर्मचारी हित में इनकम टैक्स के स्लैब में कोई छूट ना मिलने से कर्मचारियों की आस टूटी है।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश : बजट में कर्मचारियो को कुछ नहीं – परिषद

आर एल पाण्डेय लखनऊ। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने आज प्रस्तुत बजट को कर्मचारियों के लिए निराशाजनक बताया है । परिषद के अध्यक्ष सुरेश ,महामंत्री अतुल मिश्रा, प्रमुख उपाध्यक्ष सुनील यादव ने बजट के प्राथमिक अध्ययन के बाद प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कर्मचारियों की मांग थी कि पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए जिस पर वित्त मंत्री ने कुछ नहीं कहा, आयकर स्लैब में कोई बदलाव नही हुआ, कर्मचारियों की मांग थी कि 10 लाख तक आय को करमुक्त किया जाए लेकिन निराश ही हाथ लगी । वहीं निजीकरण , आउटसोर्सिंग की जगह स्थाई रोजगार सृजन करने की आस देख रहे कर्मचारियों को निराशा हुई क्योंकि सरकार सरकारी क्षेत्र में निजी निवेश को बढ़ाने का फैसला लिया । ऐसा प्रतीत होता है कि अब सरकार कर्मचारियों को दोयम दर्जे का नागरिक मानती है इसलिए बजट में कर्मचारियों हेतु कोई घोषणा नहीं है । कोविड काल मे सरकारी कर्मचारियों ने अपनी जान की परवाह किये बगैर देश के लिए कार्य किया था लेकिन कर्मचारी हित में इनकम



टैक्स के स्लैब में कोई छूट ना मिलने से कर्मचारियों की आस टूटी है । राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जल्द ही एक बैठक कर अपनी प्रतिक्रिया देश के वित्त मंत्री जी एवं प्रधानमंत्री जी को प्रेषित करेगा।

# अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़, पुलिस ने छापेमारी कर 12 तैयार देसी तमंचे और उपकरण किए बरामद

आजमगढ़ ब्यूरो : आजमगढ़ जिले के सिधारी थाना पुलिस ने अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ करने में सफलता पाई है। पुलिस ने 12 तैयार देसी तमंचे के साथ ही दो असलहा तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। वहीं मौके से भारी मात्रा में असलहा बनाने के उपकरण और कारतूस भी बरामद हुए हैं। आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसपी सिटी शैलेंद्र लाल ने बताया कि सोमवार की रात सिधारी थाना पुलिस हाइडिल चौराहे पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पता चला कि हथिया गांव में तमसा नदी किनारे कुछ लोग अवैध शस्त्र बना रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस की दो टीमें गठित की गईं और दो तरफ से मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर छापेमारी की। मौके पर दो व्यक्ति भट्ठी ब्लोवर लगा कर देशी तमंचे का निर्माण कर रहे थे। जिन्हें पुलिस ने पकड़ लिया। इनके पास से 12 तैयार देसी तमंचा, सात कारतूस, चार खोखा कारतूस, अवैध असलहा बनाने के उपकरण आदि बरामद किए गए। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम



जयप्रकाश सिंह उर्फ पासे सिंह निवासी ममरखापुर थाना कोतवाली व राजेश पुत्र सुधई निवासी रोशनगंज थाना रौनापार बताया। दोनों ने बम्हौर में असलहा बनाने की ट्रेनिंग लेने की बात भी बताई है। चुनाव के मद्देनजर वे असलहों की डिमांड पूरी करने के लिए इन दिनों रात में 10 से चार बजे तक काम कर रहे थे। दोनों का पुलिस ने संबंधित धाराओं में चालान कर दिया है।

# दरोगा पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप : पीड़िता ने डीसीपी से लगाई गुहार

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी कमिश्नरेट के वरुणा जोन अंतर्गत सारनाथ थाने में तैनात एक दरोगा पर एक युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और विरोध पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने डीसीपी वरुणा जोन कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है। शिकायत पत्र के आधार पर डीसीपी वरुणा जोन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। चंदौली की रहने वाली युवती के अनुसार, सुंदरपुर इलाके में किराये पर कमरा लेकर रहने के दौरान नौ माह पूर्व उस दरोगा से मुलाकात हुई थी। आरोप है कि इस बीच दरोगा से नजदीकियां बढ़ी और दरोगा ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। आरोप है कि वह जब भी शादी की बात करती तो और समय की मांग करता। इस दौरान उसने शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म किया। इसी बीच नौ माह का समय बीतने के बाद जब शादी की बात पर अड़ी तो दरोगा शादी करने से मुकर गया। वहीं काशी जोन से दरोगा का ट्रांसफर वरुणा जोन में हो गया और इस वक्त वह सारनाथ थाने के अंतर्गत एक चौकी पर तैनात है। यही नहीं, फोन करने पर धमकी दी कि ज्यादा उड़ोगी तो फर्जी मुकदमे में फंसा दूंगा। युवती का




आरोप है कि दरोगा ने उसके साथ मारपीट भी की है। इस प्रकरण को लेकर पीड़िता ने डीसीपी वरुणा जोन में प्रार्थना पत्र दिया है। उधर, मामले में पुलिस अधिकारी दरोगा से पूछताछ भी शुरू कर चुके हैं। बोलने से कतरा रहे पुलिस अधिकारी वरुणा जोन के पुलिस अधिकारी इस प्रकरण पर अभी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले की जांच के बाद ही कुछ ठोस एक्शन लिया जाएगा। फिलहाल युवती के आरोप ने पुलिस महकमे को सकते में डाल दिया है।

# कर्ज में डूबे मजदूर ने फांसी लगाकर दी जान : घर से दूर जंगल में पेड़ से लटका मिला शव

सोनभद्र ब्यूरो : सोनभद्र जिले के विंढमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत हरनाकछार ग्राम में घर से चार किमी दूर जंगल में युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। वह सोमवार को दोपहर बाद से ही लापता था। मंगलवार को उसका शव जंगल में फंदे पर लटकता देखा गया। पुलिस शव कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई है। पुलिस के अनुसार, हरनाकछार गांव निवासी सोहर लाल पनिका(38) मजदूरी कर परिवार का भरण–पोषण करता था। पिता जोखू राम के अनुसार, सोमवार दोपहर में खाना खाने के बाद घर से निकला था। देर रात तक वह नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। काफी प्रयास के बाद भी उसका पता नहीं चला। मंगलवार को गांव के लोग कुसुम्ही जंगल की ओर गए तो वहां आम के पेड़ पर सोहर लाल का शव गमछे के फंदे से लटक रहा था। सोहर पिछले कुछ महीनों से आर्थिक तंगी झेल रहा था। घरेलू खर्च के लिए उसने कुछ लोगों से कर्ज लिया था। कर्ज की अदायगी



को लेकर वह परेशान था। आशंका जताई जा रही है कि इसी तनाव में उसने आत्महत्या का कदम उठाया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। सोहर के परिवार में पत्नी सुनीता देवी, चार बेटियों और एक बेटा है। सभी का रो–रोकर बुरा हाल है। पूरे परिवार की जिम्मेदारी सोहर पर ही थी। थाना प्रभारी सूर्यभान ने बताया कि पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी सीएचसी भेज दिया गया है। विभिन्न पहलुओं पर छानबीन की जा रही है।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

आर एल पाण्डेय लखनऊ। विवेक खंड 3 स्थित विनायक पार्क में गोमती नगर जन कल्याण महासमिति तथा अमर उजाला के सानिध्य में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के अध्यक्ष डॉ बीएन सिंह, महासचिव राघवेंद्र शुक्ला, सचिव आलोक मिश्रा, संजय निगम , जीडी मिश्र, नंदनी मिश्र , आरपी शुक्ल,मनोज मिश्रा, अमित शर्मा अजय तिवारी तथा गोमती नगर के कई प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में अमर उजाला की तरफ से आयुष्मान पांडे और कुलदीप सिंह इस कार्यक्रम को संचालित कर रहे थे सभी लोगों ने आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए अपने सुझाव एवं राय व्यक्त किया। जिसमे मुख्यता सभी लोगो ने एक सुर में मजबूत राष्ट्र के निर्माण हेतु तत्पर रहने वाली पार्टी विशेष को वोट देने हेतु अपने



सहमति दिखाए । कार्यक्रम के अंत में सभी लोगो ने मतदान दिवस पर मतदान करने के लिए तथा मतदान कराने के लिए प्रत्येक मतदाता को प्रेरित करने के लिए शपथ लिया।

# तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवार युवक को रौंदा : अस्पताल ले जाते समय तोड़ा दम

चंदौली ब्यूरो : चंदौली जिले के चकिया–चंदौली मार्ग नेगुरा गेट के पास मंगलवार सुबह तेज रफ्तार बोलोरो एक बाइक सवार को टक्कर मारकर फरार हो गई। इससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, सदर कोतवाली क्षेत्र के परासी कला गांव निवासी विजय कांत(26) पल्सर बाइक से चंदौली बाजार में समान लेने आया था। चंदौली से घर लौटते समय जैसे ही नेगुरा गेट के पास पहुंचा, कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी। इससे वो सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज संजय सिंह ने तत्काल उसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए।

# टिकट का एलान होते ही बड़हर राजघराने में उभरे मतभेद : बहू के बाद अब बेटी भी मैदान में उतरने को तैयार

सोनभद्र ब्यूरो : सोनभद्र की घोरावल सीट पर कांग्रेस के टिकट का एलान होते ही बड़हर राजघराने में मतभेद उभर आए हैं। बहू के बाद अब राज परिवार की बेटी दीक्षा ने भी मैदान में उतरने का एलान कर दिया है। उनका कहना है कि वह पहले से ही मन बना चुकी थीं। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया है कि वह किस पार्टी से चुनाव लड़ेंगी। बहू के चुनाव में उतरने से भी परिवार में असंतोष है। राजकुमारी दीक्षा ने बताया कि पिछले दिनों जनता से मुलाकात के दौरान लोगों ने ही उनसे चुनाव में उतरने की अपील की थी, जिसके बाद उन्होंने सार्वजनिक तौर पर इसका एलान किया था। पिता आभूषण ब्रह्म शाह की भी इस पर सहमति रही है। चुनाव में आने का मकसद जनता से जुड़कर उनकी सेवा करना है। अब पीछे हटने का कोई सवाल ही नहीं बनता। भाभी विंधेश्वरी सिंह राठौर के कांग्रेस के टिकट पर मैदान में उतरने के सवाल पर उनका कहना था कि परिवार की बहू को मैदान में उतारने की इच्छा नहीं थी। उन्होंने यह निर्णय कैसे लिया इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। फिलहाल वह खुद चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही हैं। उनका परिवार तीन पीढ़ियों से राजनीति में रहा है। वह इस परंपरा को आगे बढ़ाएंगी। जल्द ही यह तय कर लिया जाएगा कि वह किसी दल के सिंबल पर उतरेंगी या निर्दल।

## सभी क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में जौनपुर पुलिस द्वारा की गयी अपराध एवं अपराधियों पर विधिक एवं दण्डात्मक कार्यवाही

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जौनपुर के निर्देशन में जनपद जौनपुर में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 के तैयारी के क्रम में एवं चुनाव को निष्पक्ष, भय मुक्त व शान्ति पूर्वक सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में तथा सभी क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में जौनपुर पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर विधिक एवं दण्डात्मक कार्यवाही की गयी है, जिसका विवरण निम्नवत है– 1. वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही– 1115 व्यक्तियों को तामिल/गिरफ्तार पुलिस द्वारा किया गया। 2. अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही– सभी प्र0नि0/थानाध्यक्षों द्वारा 1711 स्थानों पर छापा मारा गया तथा 277 अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए 8346 ली0 अवैध शराब बरामद की गयी। 3. अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध कार्यवाही– जौनपुर पुलिस द्वारा 29 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 570 किलो गांजा बरामद किया गया। 4. लाइसेंसी हथियार के विरुद्ध कार्यवाहीद्व जिले में 11990 लाइसेंसी हथियारों में से सभी का सत्यापन पुलिस द्वारा करते हुए 8570 हथियारों को जमा कराया गया। 5. अवैध शस्त्र /फैक्ट्री के विरुद्ध कार्यवाही– उक्त कार्यवाही में जौनपुर पुलिस द्वारा 139 अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए 138 अवैध शस्त्र व 106 कारतूस को बरामद किया गया। 6. इसी क्रम में वाहनों की चेकिंग करते हुए हेलमेट/ सीट बेल्ट/ अवैध पार्किंग व अन्य से सम्बन्धित जौनपुर पुलिस द्वारा चालान करते हुए 1854600/– रुपये जुर्माना वसूला गया। 7. 107/116 सीआरपीसी कार्यवाही– जौनपुर पुलिस द्वारा शान्ति भंग करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर 51257 व्यक्तियों के विरुद्ध 7043 चलानी रिपोर्ट प्रेषित की गयी तथा 38701 व्यक्तियों को पाबन्द किया गया। 8. 110 जी सीआरपीसी की कार्यवाही– जौनपुर पुलिस द्वारा 943 व्यक्तियो के विरुद्ध चालानी रिपोर्ट प्रेषित करते हुए 603 व्यक्तियो को पाबन्द किया गया। 9. 151 सीआरपीसी की कार्यवाही– 1682 व्यक्तियो के विरुद्ध कार्यवाही की गयी। 10. जौनपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार वांछित अभियुक्तों की संख्या– 81 11. गैंगेस्टर एक्ट के तहत की गयी कार्यवाही– जौनपुर पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट के तहत 44 मुकदमे 174 अभियुक्तो के विरुद्ध पंजीकृत कर 158 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया जा चुका है तथा गैंगेस्टर एक्ट के अभियुक्तों की सम्पत्ति जब्ती की कार्यवाही करते हुए 33469800/– रुपये की सम्पत्ति को जब्त किया जा चुका है। 12. गुण्डा एक्ट की कार्यवाही– जौनपुर पुलिस द्वारा 512 चालानी रिपोर्ट प्रेषित की गयी तथा 262 जिला बदर अभियुक्तों में से जिला बदर का उल्लंघन करने वाले 14 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया। 13. जौनपुर पुलिस द्वारा 2144 मतदान केन्द्रों व 3936 मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर लोगों को कोविड नियमों का पालन करते हुए मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

## प्रथम चक्र में आवश्यक वस्तुओं का निःशुल्क वितरण 02 से 15 फरवरी 2022 तक सम्पन्न होगा : जिला पूर्ति अधिकारी

जौनपुर सू.वि. : जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि माह–फरवरी, 2022 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 के अन्तर्गत प्रथम चक्र में आवश्यक वस्तुओं का निःशुल्क वितरण 02 फरवरी 2022 से प्रारम्भ होकर 15 फरवरी 2022 तक सम्पन्न होगा। उक्त अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को 35 किग्रा0 खाद्यान्न (20 किग्रा0 गेहूँ व 15 किग्रा0 चावल) तथा पात्र गृहस्थी से सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किग्रा0 खाद्यान्न प्रति यूनिट (03 किग्रा0 गेहूँ व 02 किग्रा0 चावल) का निःशुल्क वितरण लाभार्थियों को सुनिश्चित कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को खाद्यान्न के साथ–साथ आयोडाइज्ड नमक, दाल/साबुत चना, खाद्य तेल (यथा सरसों तेल/रिफाइंड ऑयल) निःशुल्क वितरण किया जायेगा। प्रत्येक अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारक को 01 किग्रा0 आयोडाइज्ड नमक, 01 किग्रा0 साबुत चना तथा 01 लीटर रिफाइंड सोयाबीन ऑयल का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। राशनकार्ड धारकों को पोर्टेबिलिटी के अन्तर्गत उक्तानुसार पाँचों सामग्री एक साथ प्राप्त करने की सुविधा उचित दर विक्रेता के स्टॉक में उपरोक्त वस्तुओं की उपलब्धता की सीमा तक अनुमन्य रहेगी। उक्त योजना के वितरण की अन्तिम तिथि 15 फरवरी 2022 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न न प्राप्त कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरिफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जायेगा। उन्होंने जनपद के उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वे पूर्व में जारी सोशल डिस्टेन्सिंग के निर्देशो का पालन कराते हुए नियमानुसार खाद्यान्न व अन्य आवश्यक सामाग्रियों का निःशुल्क वितरण पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही अपनी उचित दर दुकानों पर उक्त योजना के सम्बन्ध में निःशुल्क खाद्यान्न वितरण की सूचना चस्पा करेंगे, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रह जाये।

## चौधरी साहब ने गुंडा एक्ट लागू किया था, उन्हीं का नाती हूं : जयंत चौधरी

आगरा ब्यूरो : अलीगढ़ के जाटलैंट में राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह के जरिए जाट बिरादरी पर डोरे डाले तो वहीं रोजगार, एमएसपी के जरिए सभी वर्गों को रालोद–सपा गठबंधन के साथ लाने की कोशिश की। इगलास विधानसभा क्षेत्र के गांव गोरई में नुक्कड़ सभा में लोगों को याद दिलाया कि चौधरी साहब (चौ. चरण सिंह) जो कहते थे, वही करते थे। प्रदेश में गुंडागर्दी रोकने के लिए 1970 में उन्होंने गुंडा एक्ट बनाकर लागू कराया। वह उन्हीं चौधरी साहब के नाती हैं। इगलास विधानसभा क्षेत्र से रालोद प्रत्याशी वीरपाल दिवाकर के समर्थन में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए जयंत चौधरी ने कहा कि प्रदेश में रालोद–सपा गठबंधन की सरकार बनते ही किसानों को सिंचाई पर बिजली बिल माफ करने के साथ 300 यूनिट तक फ्री बिजली दी जाएगी। कहा कि भाजपा किसान–खलिहान की बात नहीं करती। सत्ता में बने रहने के लिए हिंदू–मुस्लिम के नाम पर समाज को बांट रही है। उन्होंने संगठित होकर रालोद प्रत्याशी को जिताने की अपील की। इसके साथ ही जाट बिरादरी से भावनात्मक रिश्ता जोड़ते हुए कहा कि यह पहला चुनाव है जिसमें चौधरी अजीत सिंह अब हमारे बीच में नहीं हैं। इस क्षेत्र ने उनकी दादी व बुआ को भी सेवा का अवसर दिया है। चौधरी साहब ने हमेशा गरीब, मजदूर व किसानों को अपने एजेंडे में रखा। इसके साथ ही भाजपा सरकार पर खूब तीर छोड़े। नुक्कड़ सभा में पूर्व सांसद व सपा नेता चौ. विजेंद्र सिंह, सपा जिलाध्यक्ष गिरीश यादव, रालोद नेता सुंदर सिंह, ओमवीर सिंह दिवाकर, बसपा के पूर्व प्रत्याशी राजेंद्र कुमार व नवाब सिंह छौंकर, रालोद के प्रदेश पूर्व महासचिव अब्दुल्ला शेरवानी ने भी सभा को संबोधित किया। संचालन राजेश कुमार सिंह ने किया। जट्टारी संवाद के अनुसार खैर विधानसभा क्षेत्र से रालोद प्रत्याशी भगवती प्रसाद सूर्यवंशी के समर्थन में जयंत चौधरी ने टप्पल विकास खंड के गांव मालव में सभा को संबोधित किया। कहा कि इस क्षेत्र की जनता ने चौधरी चरण सिंह व चौधरी अजित सिंह को ताकत दी थी। देश भर के किसान आंदोलन में इस क्षेत्र के साधारण किसानों ने साथ दिया है। चुनाव का यह खास मौका है। इस क्षेत्र के किसानों ने तेरह माह किसान आंदोलन में साहस दिखाया। उसी तरह का साहस का परिचय देकर रालोद प्रत्याशी को जिताएं ताकि लखनऊ में रालोद–सपा गठबंधन की सरकार बने। गोंडा



से इगलास तक निकाला रोड शो राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने सोमवार को इगलास विधानसभा क्षेत्र से रालोद प्रत्याशी वीरपाल दिवाकर के पक्ष में रोड शो किया। रोड शो गांव गिडौरा से शुरू होकर नयावास, गोंडा, बरौला, पाइंदापुर, रजावल, डेटा जलालपुर, गोरई होते हुए इगलास पहुंचा। गांव रजावल में गोंडा किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष रवीकरन सिंह, रामप्रकाश प्रधान, देवेंद्र सिंह, मास्टर किंगकांग सिंह, हरपाल सिंह, सतेंद्र सिंह, राकेश प्रधान ने पगड़ी बांधकर जयंत चौधरी का स्वागत किया। गांवों से निकलने के दौरान लोगों ने उनका स्वागत किया। जयंत चौधरी ने कस्बे में स्थित चौधरी चरण सिंह व भ्यामलखेड़ा में शहीद बाबा अमानी सिंह की प्रतिमा पर फूलमाला अर्पित की। चुनाव में किसानों से झूठे वादे कर रही सरकार : जयंत बरौली विधानसभा क्षेत्र के गांव बरका में रालोद प्रत्याशी प्रमोद गौड़ के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए रालोद के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा कि किसानों ने 13 माह तक धरना दिया लेकिन सरकार को किसानों की याद नहीं आई। किसानों को आतंकवादी तक कहा। चुनाव आने पर वही भाजपा सरकार किसानों से झूठे वादे कर रही है। कहा कि किसान संगठनों को योगी ने धमकी दी कि यह दिल्ली नहीं लखनऊ है। हाथरस की बिटिया प्रकरण का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने पीड़ित परिवार के साथ न्याय नहीं किया। उन्होंने कहा कि हमें चवन्नी की तरह सस्ते मूल्य में खरीदने की बात भाजपा कर रही है। हमने जो फैसला ले लिया उससे बदलने वाले नहीं हैं। भाजपा सरकार ने पांच साल में किसान के हाथ में टार्च व लाठी देकर चौकीदार बना दिया है। हजारों में भर्ती निकलती है। करोड़ों आवेदन होते हैं। युवा तैयारी करते हैं और जब परीक्षा देने जाते हैं तो परीक्षा पूरी नहीं होती। इस मौके पर रालोद के खैर प्रत्याशी भगवती प्रसाद सूर्यवंशी, पूर्व सांसद विजेंद्र सिंह, रालोद जिलाध्यक्ष कालीचरन, सपा जिलाध्यक्ष गिरीश यादव, राहुल शर्मा, दीपक चौहान, सुनील कुमार, सुभाष लोधी, दिवाकर गौड़, इंदू यादव, जावेद खान, जगपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## टीवीएस अपाचे का उद्घाटन संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के जेसिज चौराहे पर स्थित श्री शारदा टीवीएस शो रूम में सोमवार को टीवीएस अपाचे 165 सीसी आरपी लांच हुई। इस वाहन के पहले ग्राहक यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के कर्मचारी बने। यह बाइक पूरे वैदिक विधि विधान लांच किया गया। इस शो रूम के



प्रबंधक आईबी सिंह और टीवीएस के क्षेत्र प्रबंधक विनय कुमार बाजपेयी ने बताया कि यह बाइक रेसिंग वंश से जन्मी टीवीएस अपाचे आरटीआर 165 आरपी अपने श्रेणी की सबसे पावरफुल मशीन है जो दस हजार आरपीएम पर 19 से अधिक पीएस पावर पैदा करती है। यह सुविधाओं से लैस है जिसमें रेस–ट्यून स्लिपर क्लच,एडजस्टेबल क्लच और ब्रेक लीवर सभी नए टीवीएस रेसिंग डिकल्स, रेड अलॉय व्हील्स और एक नया सीट पैटर्न शामिल है। इस बाइक को शो रूम नही बल्की कम्पनी के वेबसाइट पर आनलाइन बेचा जाएगा। आज जो बाइक बिकी है यह भी आनलाइन बुक किया गया था।

## मवाना में व्यक्ति की धारदार हथियार से गला रेतकर निर्मम हत्या

मेरठ ब्यूरो : मेरठ से सटे मवाना के बहसूमा थानाक्षेत्र में मंगलवार सुबह एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही है। मृतक की पहचान कस्बा निवासी बृजपाल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बहसूमा कस्बे के जामुन वाले जंगल में अधेड़ व्यक्ति की धारदार हथियार से कटा शव मिला। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई जानकारी पर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची। मृतक की शिनाख्त कस्बा निवासी बृजपाल 55 के रूप में हुई है। मृतक मजदूरी करता था, उसके पुत्र नोएडा में नौकरी करते हैं। नोएडा से घटनास्थल पर पुत्रों के पहुंचने पर ही शव को उठाया जाएगा। पुलिस के अनुसार निर्मम हत्या से प्रतीत हो रहा है कि आपसी रंजिश में हत्या को अंजाम दिया गया है। मृतक के सिर में धारदार हथियार से कटा हुआ है और उसके दोनों हाथों पर भी धारदार हथियार से काटे जाने के निशान हैं।

## केंद्रीय सरकार का बजट कर्मचारियों के लिए पूरी तरह निराशाजनक : इप्सेफ ने की निंदा

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी पी मिश्र एवं महासचिव प्रेमचंद्र ने केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा वर्ष 2022 –23 के लिए प्रमुख बजट को कर्मचारियों के लिए पूरी तरह से निराशाजनक बताया है ।यह पूंजीवादी व्यवस्था का बजट है ।पूरी व्यवस्था को निजी करण की तरफ ले जाने वाला है । श्री मिश्र ने कहा कि काफी संख्या में कर्मचारी वेतन वृद्धि एवं महंगाई भत्ते के किस्तों को काटना जो आयकर की छूट में आते थे अब वे भी वांछित रह जाएंगे ।उल्लेखनीय है कि इप्सेफ ने 10 लाख तक की छूट ,पुरानी पेंशन बहाली व फरीज डी ए का भुगतान की मांग की थी वित्त मंत्री से पुनर्विचार करने का आग्रह किया है।

## अंतर्जनपदीय रोडवेज बसों मैं रैंकिंग कर यात्रियों को लूटने वाले गिरोह के पांच अभियुक्त गिरफ्तार

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार ।अयोध्या की कोतवाली नगर की पुलिस का काम सराहनीय कार्य लगातार जारी है ।उसी क्रम में आज एक अंतर्जनपदीय गैंग का पर्दाफाश किया है । इस गैंग के लोग रोडवेज बसों में यात्रा कर रहे यात्रियों के साथ बैठकर यात्रा करते थे और मौका पाकर




उनका बैग काटकर चोरी करते थे और उनके कीमती सामानों पर हाथ साफ करते थे और रास्ते मे ही उतर जाते थे। पुलिस को काफी दिनों से इस गैंग के सदस्यों की तलाश थी ।पुलिस ने गैंग के सरगना सहित पांच लोगों को गिरफ्तार भी किया है । गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के पास से चोरी किये गए समान और 49600 रुपये नकद व एक अदद चाकू और ब्लेड भी बरामद किया है । यह गैंग काफी दिनों से सक्रिय था पुलिस द्वारा लगातार पेट्रोलिंग के जरिये इनका पर्दाफाश हुआ । अंतर्जनपदीय गैंग की गिरफ्तारी करने वाली टीम को एसएसपी शैलेश पांडेय ने 10000 रुपये का पुरस्कार भी प्रदान किया।

## उप निदेशक/डायट प्राचार्या संध्या श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उपनिदेशक/डायट प्राचार्या श्रीमती संध्या श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) सुनील कुमार श्रीवास्तव के साथ साथ जिले के सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। इस मौके पर उन्होने जिले के समस्त डायट मेंटर , समस्त ए आर पी तथा सभी एस आर जी की उपस्थिति में मिशन प्रेरणा की ई पाठशाला छः,सौ दिन रीडिंग कॉम्पैन , प्रेरणा लक्ष्य एप , दीक्षा एप , रीड एलांग एप तथा निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने व सफल क्रियान्वयन हेतु किये जा रहे कार्यो की प्रगति की समीक्षा किया ।इस मौके पर डायट प्राचार्या श्रीमती संध्या श्रीवास्तव ने सभी से ई पाठशाला के अंतर्गत सभी बच्चों के अपने घरों से ही सीखने हेतु कोविड प्रोटोकॉल को सुनिश्चित करते हुए मोहल्ला कक्षाओं को संचालित करने, प्रेरणा साथी का सहयोग लेने तथा 100 कंले रीडिंग कॉम्पैन चलाने का आह्वान किया ।वही इसी कड़ी में जिला समन्वयक सुनील कुमार श्रीवास्तव ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों से अपने अपने विकास खण्ड में सभी विद्यालयों द्वारा मोहल्ला कक्षाओं को संचालित करने का आदेश निर्गत करने के विषय मे चर्चा की ।इस मौके पर एस आर जी डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी ने मिशन प्रेरणा फेज 2 ( निपुण भारत मिशन) के अंतर्गत 03 वर्ष से 09 वर्ष तक के बच्चों के लिए निर्धारित किये गए बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के बाल वाटिका से कक्षा 3 तक के लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की ।अंत मे डायट प्राचार्या संध्या श्रीवास्तव ने इस ऑनलाइन बैठक में सभी डायट मेंटर्स, ए आर पी तथा एस आर जी से एक रणनीति बनाते हुए ई पाठशाला के सफल क्रियान्वयन व रीडिंग कॉम्पैन पर कार्य योजना बनाकर डेटा पर आधारित विश्लेषण करने का आह्वान करते हुए सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## थानाभवन मीरापुर व बाह विधानसभा क्षेत्रः चीनी के कटोरे में गन्ना मंत्री सुरेश राणा का असल इम्तिहान

शामली ब्यूरो : तलातुम यानी तूफान जोरों पर है। तूफान में ही कश्ती है। मौजें भी बेताब हैं, नाविक की कुशलता का इम्तिहान लेने को। पर, खतरा सिर्फ लहरों से ही नहीं। खतरा सिर्फ उठते तूफान से ही नहीं। उससे तो लड़ ही लेंगे। लड़ भी रहे हैं। पर, जो बवंडर कश्ती के अंदर है, उसका क्या? वो बवंडर जो तूफान से भी ज्यादा बेताब है कश्ती को डुबोने को...। यूपी में चुनावी रणभूमि का कुछ ऐसा ही हाल है। यहां पग–पग पर खतरे हैं। बाहर भी, घर के भीतर भी...। कुल मिलाकर कहें तो इम्तिहान कठिन है...। भितरघातियों से पार पाने की हर दल के सामने चुनौती है। बहरहाल, आज पढ़ें थानाभवन, बाह और मीरापुर विधानसभा क्षेत्रों में कैसे समीकरण बन रहे हैं। सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और हरियाणा की सीमाओं से जुड़ी शामली जिले की थानाभवन सीट चीनी का कटोरा कहे जाने वाले क्षेत्र का हिस्सा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सियासत में गन्ना और गन्ना किसान हमेशा से बड़ा मुद्दा रहे हैं। विपक्ष और किसान संगठन गन्ना मूल्य भुगतान, गन्ना मूल्य वृद्धि के मुद्दे पर सरकार को घेरते रहे हैं, तो भाजपा सरकार पूर्व सरकारों से बेहतर भुगतान दर होने का दावा करती रही है। भाजपा और सपा–रालोद गठबंधन के बीच हो रही गन्ना किसानों को लुभाने की कोशिशों के बीच यह चुनाव गन्ना मंत्री सुरेश राणा के लिए एक इम्तिहान है। रालोद–सपा गठबंधन ने अशरफ अली खान, बसपा ने जहीर मलिक, कांग्रेस ने सत्यम सैनी और आम आदमी पार्टी ने अरविंद देशवाल को मैदान में उतारा है। सुरेश राणा और अशरफ अली खान इससे पहले 2012 के चुनाव में भी आमने–सामने थे। तब दोनों के बीच कांटे मुकाबला हुआ था और महज 265 वोटों के अंतर से सुरेश राणा ने जीत दर्ज की थी। सुरेश राणा को 53,719 वोट मिले थे। उस समय दो मुस्लिम प्रत्याशियों में रालोद के अशरफ अली को 53,454 और बसपा के अब्दुल वारिस को 50 हजार वोट मिले थी। 2017 में सुरेश राणा ने फिर जीत दर्ज की। क्षेत्र के मौजूदा सियासी मिजाज की बात करें, तो गन्ना मूल्य भुगतान सहित किसानों के अन्य मुद्दे, कानून–व्यवस्था और विकास को लेकर बहस छिड़ी हुई है। थानाभवन निवासी अरविंद बताते हैं, इस बार यहां चुनाव में कांटे का मुकाबला होने के आसार हैं। वह कहते हैं, कृषि कानूनों को लेकर हुए आंदोलन का असर अब भी बरकरार है। हिरनवाड़ा निवासी बिजेंद्र सिंह कहते हैं, केंद्र सरकार ने कानूनों को वापस ले लिया, इससे भाजपा को बड़ा नुकसान होने से बच गया है। कानून–व्यवस्था और विकास के मुद्दे का फायदा उसे मिल रहा है। कस्बा जलालाबाद निवासी अकरम का कहना है, भाजपा बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर विफल साबित हुई है। पर, चुनाव में अंतिम समय में माहौल बदल जाते हैं। क्योंकि, धर्म और जाति के आधार पर ही ज्यादातर लोग वोट करते हैं। बुंटा निवासी साजिद का कहना है, सरकारी योजनाओं का लाभ सभी वर्गों को मिला है। यह सही है। लेकिन, यह भी उतना ही सच है कि महंगाई बेतहाशा बढ़ी है और कोरोना महामारी के चलते आमदनी घट गई है ।थानाभवन मिल गन्ना भुगतान में फिसड्डी शामली जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में एक–एक चीनी मिल हैं। इनमें शामली विधानसभा क्षेत्र में अपर दोआब शुगर मिल, कैराना विधानसभा क्षेत्र में राणा ग्रुप की ऊन चीनी मिल और थानाभवन विधानसभा क्षेत्र में बजाज समूह की चीनी मिल हैं। तीनों मिलों में से ऊन चीनी मिल ने ही अभी तक पिछले पेराई सत्र के गन्ना मूल्य का भुगतान किया है। थानाभवन मिल भुगतान के मामले में फिसड्डी चल रही है। जातीय समीकरणों में उम्मीदवारों के फिट बैठने की चुनौती – थानाभवन सीट ऐसी है कि जहां जातीय समीकरण सभी दलों का इम्तिहान लेते हैं। – मुस्लिम मतदाताओं की संख्या यहां करीब 98 हजार है। अन्य जातियों में अनुसूचित जातियां करीब 60 हजार, जाट 40 हजार, सैनी 35 हजार, कश्यप 30 हजार, ठाकुर 22 हजार, ब्राह्मण 14 हजार, वैश्य 10 हजार, अन्य मतदाता 18 हजार हैं। इस सीट के जातिगत समीकरण की बदौलत मुस्लिम, वैश्य, ठाकुर, सैनी, कश्यप भी विधायक बन चुके हैं। मीरापुर : कांटे की जंग की बन रही पृष्ठभूमि, अगर–मगर से किसी भी राजनीतिक दल की राह आसान नहीं (मदन बालियान, मुजफ्फरनगर)। मीरापुर वही विधानसभा क्षेत्र है, जिसके कवाल गांव में नौ साल पहले भड़की दंगे की चिंगारी से मुजफ्फरनगर जल उठा था। हिंदुत्व की लहरों पर सवार होकर भाजपा पहले केंद्र और फिर प्रदेश की सत्ता पर काबिज हो गई। इस बार भी चुनावी समर में सियासी मंचों पर चल रहे शब्दबाणों से पुराने घाव कुरेदे जा रहे हैं। अगर और मगर में समीकरण ऐसे उलझे हैं कि किसी भी राजनीतिक दल की राह यहां आसान नहीं है। करीब 1. 20 लाख मुस्लिम मतदाताओं की चाल पर सबकी निगाहें हैं। बसपा से मोहम्मद सालिम और कांग्रेस से पूर्व विधायक मौलाना जमील कासमी मैदान में हैं। 2012 के चुनाव में बसपा के टिकट पर मौलाना जमील अनुसूचित जाति और मुस्लिम मतों के गठजोड़ से विधायक बने थे। 2017 में लहर के बावजूद भाजपा के अवतार सिंह भड़ाना सपा–कांग्रेस गठबंधन के लियाकत अली से महज 193 वोटों के अंतर से जीते थे। मामूली वोटों के अंतर से हुई यही जीत भाजपा के रणनीतिकारों की मुश्किलें बढ़ा रही है। इस बार भी मुस्लिम मतदाताओं का रुझान काफी हद तक नतीजे तय करेगा। मुस्लिम मतों के बंटवारे पर भाजपा की निगाहें टिकी हैं। विधायक अवतार सिंह भड़ाना की क्षेत्र से बेरुखी और फिर रालोद में चले जाने से मतदाताओं के बीच नाराजगी है। भाजपा ने इस बार पूर्व एमएलसी प्रशांत गुर्जर को प्रत्याशी बनाया है। अवतार से जो नाराजगी है उससे ही प्रशांत गुर्जर को जूझना पड़ रहा है। भड़ाना की तरह वह भी जिले से बाहर के हैं। भाजपा की नजर पिछड़े और अति पिछड़े वोट बैंक के साथ जाटों और गुर्जरों के मतों में सेंधमारी पर भी है ।सपा–रालोद गठबंधन से चंदन चौहान मैदान में हैं। उनके दादा नारायण सिंह प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, पिता संजय चौहान सांसद व विधायक रह चुके हैं। चंदन की हार–जीत मुस्लिम, जाट, गुर्जर मतों के समीकरण पर टिकी है। बसपा के अनुसूचित जाति और मुस्लिम समीकरण का भी चुनाव में इम्तिहान है। रालोद छोड़कर ऐन वक्त पर कांग्रेस से टिकट पाने वाले मौलाना जमील पुराना प्रदर्शन दोहराना चाहते हैं। बसपा ने 2017 में उन्हें टिकट नहीं दिया था। उनकी जगह पूर्व विधायक नवाजिश आलम को चुनाव लड़ाया था। मुद्दों की बात करें तो यहां कानून–व्यवस्था, शिक्षा, चिकित्सा, किसान और सड़कें सबसे बड़ा मुद्दा हैं। बाह : चंबल के बीहड़ों में राजघराने की घेरेबंदी, भाजपा ने दूसरी बार रानी पक्षालिका को बनाया प्रत्याशी (देश दीपक तिवारी, आगरा)। सूबे की सियासत में कोई भी आए या जाए चंबल के बीहड़ों में राजघराने का वर्चस्व रहा है। पिछले 17 चुनावों में यहां 11 बार भदावर घराने का ही सदस्य विधायक चुना गया। एक बार फिर भाजपा ने इस सीट से रानी पक्षालिका सिंह को प्रत्याशी बनाया है। सपा–रालोद गठबंधन से मधुसूदन शर्मा उम्मीदवार हैं। जबकि, कांग्रेस ने महिला प्रत्याशी मनोज दीक्षित और बसपा ने निषाद समाज के नए चेहरे नितिन वर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है। क्षत्रिय, ब्राह्मण व निषाद (मल्लाह) बहुल इस क्षेत्र में फिर विपक्षी दल राजघराने की घेरेबंदी में जुटे हैं। 1962 में पहली बार इस सीट पर भदावर घराने का परचम लहराया। तब महाराज महेंद्र रिपुदमन सिंह यहां से निर्दलीय लड़े और जीते। इसके बाद से 11 बार चुनावों में राजघराने का ही कोई सदस्य यहां झंडा बुलंद करता रहा है। 2007 में बसपा से उतरे मधुसूदन शर्मा ने राजघराने का वर्चस्व तोड़ा था। महेंद्र अरिदमन सिंह को हरा कर तब मधुसूदन ने बड़ा उलटफेर किया था। पर, पांच साल बाद ही फिर सीट राजघराने के कब्जे में चली गई। 2012 में अरिदमन ने सपा की टिकट पर यहां वापसी की। राज्य में कैबिनेट मंत्री बने। 2017 के चुनाव में राजा की जगह रानी पक्षालिका भाजपा से विधायक बनीं। मधुसूदन के सपा–रालोद से उतरने से इस बार यहां सियासी मुकाबला दिलचस्प है। मुद्दों पर मुखर हैं मतदाता जरार रोड पर मिले परचून दुकानदार अनूप सिंह कहते हैं, क्षेत्र में सड़कें खराब पड़ी हैं। कोई काम–धंधा नहीं है। वहीं, जरार निवासी खजान सिंह कहते हैं, विधायक की छवि अच्छी है। कोरोना में बहुत मदद की। कैंजरा रोड निवासी मालती देवी इस बात से इत्तफाक नहीं रखतीं। वह कहती हैं, यहां कोई काम नहीं हुए। पडुआपुरा निवासी मनोहर चतुर्वेदी कहते हैं, राजघराना सिर्फ चुनाव के वक्त ही जनता के बीच आता है। पिनाहट निवासी निवासी मुरलीदास का कहना है कि बाह में चिकित्सा सुविधाएं नहीं हैं। अगर कोई आकस्मिक स्थिति बन जाए तो मरीज को 80 किमी. दूर आगरा लेकर भागना पड़ता है या सैफई। 30 करोड़ से शुरू कराई चंबल डाल नहर भाजपा विधायक रानी पक्षालिका सिंह ने कहा कि चंबल डाल योजना से सिंचाई के लिए 30 करोड़ रुपये से नए पंप लगवाए हैं। पिनाहट से तासौड़, जैतपुर से लेकर ऊदी मोड़ बॉर्डर तक 25 किमी. सड़क मंजूर हो गई है। बटेश्वर में अटल बिहारी वाजपेयी के पैतृक गांव में स्मारक बनाया है। मंदिर व घाटों का जीर्णोद्धार कराया है। दो कन्या इंटर कॉलेज स्वीकृत कराए हैं। –रानी पक्षालिका सिंह, भाजपा विधायक बाह को बनाएंगे नया जिला प्रत्याशी सपा–रालोद मधुसूदन शर्मा का कहना है कि बाह से बटेश्वर तक कोई विकास नहीं हुआ। सिंचाई के लिए पानी नहीं है। खेती बर्बाद हो रही है। कोई उद्योग–धंधा नहीं लगा। सड़कें टूटी पड़ी हैं। इलाज की सुविधाएं नहीं हैं। सपा सरकार बनने पर बाह को नया जिला बनाएंगे। क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराएंगे। ताकि बाह के लोगों को गैर राज्यों में नहीं जाना पड़े।

## सौतेले चाचा ने पैर पकड़कर बच्चे को पटक कर मौत के घाट उतार दिया : दर्दनाक मौत

लखनऊ ब्यूरो : मोहनलालगंज में सौतेले चाचा ने चौदह माह के भतीजे को सड़क किनारे बने नाले पर पटक कर मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद उसने खुद को कमरे मे बंद कर लिया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत मे ले लिया। पुलिस के मुताबिक, मोहनलालगंज मे रायबरेली रोड पर रह रहे अमित वर्मा मंगलवार की सुबह अपने मेडिकल स्टोर पर गये थे। इनकी पत्नी घरेलू काम मे व्यस्त थी। इनका चौदह माह का बेटा अयांश सो रहा था तभी उसका चाचा मनीष वर्मा पहुंचा और मासूम का पैर पकड़कर उसे घर के बाहर ले आया। मासूम की मां चिल्लाती रही लेकिन दरिंदे ने मासूम को पैर पकड़कर सड़क किनारे बने नाले पर कई बार पटक दिया जिससे मासूम के सिर पर गंभीर चोट लग गई। भतीजे की हत्या करने के बाद चाचा ने खुद को कमरे मे बंद कर लिया और खुद को राजा व अपनी मां को रानी लक्ष्मीबाई बताने लगा। घटना के बाद पहुंची पुलिस ने हत्यारे को किसी तरह कमरे से निकालकर थाने लाई। इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार मिश्र के मुताबिक आरोपी मनीष नशेड़ी है। मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## बीज वितरण केंद्र मकसूमगंज का कारनामा कृषि विभाग के लिए बना मुसीबत : जन सूचना ने खोली घोटाले की पोल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शासन द्वारा दलहन तेलहन को बढ़ावा देने के लिए सरकारी बीज गोदाम के माध्यम से वितरण करने के लिये सोहावल के मकसूमगंज बीज वितरण केंद्र पर 192 हेक्टियर सरसों,अलसी लगभग 10 हेक्टेयर और मसूर 20 हेक्टेयर का बीज किसानों में बोवाई कराने के लिए भेजा गया था।आरोप के मुताबिक इस विभाग के कर्मी जो कुछ चहेते किसानों को सत्तारुण क्षेत्रीय नेताओं के इसारे पर देकर मामलें की इतिश्री कर बीज वितरण कर बाकी बचे बीज को निजी दुकानों के माध्यम से बेच कर मोटी रकम कमाई गयी है।बीज वितरण के बारे में मीडिया के लोंगो ने जानकारी चाही तो बीज केंद्र प्रभारी ने जानकारी देने में आनाकानी किया।इसकी पोल खोलने के लिए जन सूचना के माध्यम से वितरण किये गये किसानों का नाम पता व मोबाइल नंबर की माँग किया। जिस पर जिला कृषि अधिकारी ने बीजों के उपलब्धता की सूची भेजकर कर नाम पता मोबाइल दिए जाने के लिए बीज केंद्र प्रभारी को निर्देशित किया है। आरोप है कि वर्ष 2021–22 रवी फसल में दलहन और तेलहन को बढ़ावा देने के लिए निःशुल्क बीज किसानों में वितरण के लिए शासन से मकसूमगंज बीज वितरण केंद्र पर भेजा गया केंद्र प्रभारी ने विभाग से मिली भगत कर वितरण की जो सूची बनाई उसमें सत्तारुण दल से जुड़े कुछ नेताओं के चहेतों के नाम थे। इन्हें मन वांछित कुछ बीज वितरित कर अधिकांश भाग निजी दुकानों के हवाले कर मोटी रकम का बन्दर बाट कर लिया गया।इसकी शिकायत पर जिला कृषि अधिकारी ने चुप्पी साधा और लीपापोती कर पर्दा डालना चाहा तो अरथर निवासी किसान राम सुरेश सिंह व कोला निवासी लाल मोहम्मद ने जन सूचना डालकर जानकारी लिया।पहले तो सूचना देने में विभाग ने आनाकानी किया। अब जाँच का शिकंजा कसता देख जिला कृषि अधिकारी बी के सिंह ने शासन द्वारा भेजा गया बीज 4.80 कुन्तल सरसों 8 कुन्तल मसूड़ व 24 किलो ग्राम अलसी के बीज की जानकारी किसानों को भेज कर किसानों का नाम पता मोबाइल नम्बर बीज केंद्र प्रभारी को किसानों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मानक है कि एक किलो प्रति एकड़ सरसों व एक किलो प्रति एकड़ अलसी और16 किलो प्रति एकड़ मसूर की बुवाई होती है।हिसाब से 221 हेक्टेयर में फसल लहलहनी चाहिए जो धरातल पर कही नजर नही आ रही है।इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि सांसद विधायक ने कैम्प लगाकर व लिस्ट देकर बीज वितरण कराया है।किन किसानों ने फसल बोई है। किसने नहीं बोई है।इसका सत्यापन कर पाना विभाग के लिए सम्भव नहीं दिखाई दे रहा है।

## राम नगरी में मौनी अमावस्या के मौके पर सरयू के तट पर उमड़ा आस्था का सैलाब

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या राम नगरी में सरयू तट पर मौनी अमावस्या के मौके पर कई प्रदेश से आए हजारों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई।पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, मौनी अमावस्या के दिन सभी देवी–देवता गंगा में वास करते हैं। इस कारण से इस दिन गंगा स्नान का महत्व है।हरिद्वार, प्रयागराज समेत गंगा से जुड़े सभी तीर्थ स्थलों पर इन दिन स्नान करने के लिए लोग आते हैं। अन्य पवित्र नदियों में भी आज स्नान किया जाता है । इसी कड़ी ने आज अयोध्या में भी सरयु नदी के किनारे स्नान करने वाले भक्तों को तांता सुबह से ही लगा रहा । सरजू घाट के स्थानीय राम आधार पंडा ने बताया कि प्रभु राम की नगरी में मौनी अमावस्या का बहुत महत्व है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सुबह से ही स्नान करने वालों का जमावड़ा लगा हुआ है । भक्त अयोध्या से स्नान करके प्रयागराज को जाते हैं और प्रयागराज से स्नान करने वाले अयोध्या को स्नान करने आते हैं । ऐसी मान्यता है कि आज के दिन स्नान करने से सभी की मनोकामना पूर्ण होती है । स्नान के साथ साथ गौ दान , तिल दान, नए ऊनी वस्त्रों





का दान करने से भी सुख शांति की अनुभूति होती है । भक्त सरयू में स्नान करने के बाद प्रभु राम के दर्शन कर रहे हैं, हनुमानगढ़ी के दर्शन करने जा रहे हैं और अपने आराध्य से अपने परिवार और समाज की सुख शांति की कामना कर रहे हैं। अयोध्या में चारों तरफ मेला लगा हुआ है सभी श्रद्धालु मेले का भी आनंद ले रहे है ।

## राम मंदिर निर्माण कार्य में लगेंगी तांबे की 70 हजार पट्टियां

अयोध्या। (सरवन कुमार नगर संवाददाता) राम जन्म भूमि में राममंदिर निर्माण का कार्य जोरों पर चल रहा है। नींव के तीसरे चरण के तहत 20 फीट ऊंची प्लिंथ निर्माण का काम गतिमान है। मंदिर निर्माण में तांबे का भी प्रयोग किया जाएगा।पत्थरों को जोड़ने के लिए तांबे की 70 हजार पट्टियां लगेंगी। तांबे की आपूर्ति के लिए ट्रस्ट ने प्रयास शुरू कर दिया है। मंदिर के पत्थरों को जोड़ने के लिए जो तांबा लगेगा वह 99.9 प्रतिशत शुद्ध होगा।तांबे के रूप में दो पत्थरों को जोड़ने में यू आकार में इसका इस्तेमाल होगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से मिली जानकारी के अनुसार यह तांबा स्वदेशी होगा। मंदिर निर्माण में लगने वाले तांबे में करीब ढाई करोड़ का अनुमानित खर्च आएगा।हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) की इकाई इंडियन कॉपर काम्प्लेक्स (आइसीसी) कंपनी में निर्मित तांबा का उपयोग होगा। झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला प्रखंड में स्थित मऊभंडार आइसीसी के तांबा की चमक राम मंदिर निर्माण में दिखेगी।मंदिर निर्माण के कार्य में 70 हजार तांबे की पट्टियां लगेंगी। तांबे के पीस की लंबाई 256 एमएम, चौड़ाई 32 एमएम व थिकनेस 5–6 सेंटीमीटर होगी। राममंदिर निर्माण कार्य करा रही कंपनी एलएंडटी ने आइसीसी को तांबा के लिए डिमांड आर्डर (डीओ) भेज दिया है। इसकी कटिंग के लिए टेंडर भी निकाला गया है जो 02 फरवरी को खुलेगा।दूसरा टेंडर पैकिंग का भी निकाला गया है। इसके बाद ट्रांसपोर्टिंग का भी टेंडर निकाला जाएगा। आइसीसी के तांबा की पहचान 99.9 प्रतिशत शुद्ध है। स्वदेशी तांबा का उपयोग ऐतिहासिक राम मंदिर के निर्माण कार्य में किया जाएगा।इस तांबे के पीस का इस्तेमाल अयोध्या राममंदिर निर्माण में दो पत्थरों को जोड़ने में होना है। मंदिर निर्माण में कई धातुओं का इस्तेमाल हो रहा है। तांबे के रूप में दो पत्थरों को जोड़ने में यू आकार में इसका इस्तेमाल होगा।राममंदिर के नींव के तीसरे चरण के क्रम में प्लिंथ का निर्माण संचालित है। राममंदिर की प्लिंथ कुल सात लेयर में तैयार होगी। एक लेयर की मोटाई तीन फीट होगी। इस तरह राममंदिर 21 फीट ऊंचा बनाया जाएगा।प्लिंथ निर्माण कार्य पूरा होने में करीब छह माह लग जाएंगे। प्लिंथ का काम पूरा होने के बाद गर्भगृह को आकार देने का काम शुरू होगा। गर्भगृह को आकार देने के लिए पत्थरों को जोड़ा जाएगा।इसके लिए पत्थरों में होलफॉस भी बनाया जा रहा है। पत्थरों को एक दूसरे से जोड़ने के लिए तांबे की पत्तियों का प्रयोग किया जाना है। जिनकी आपूर्ति अगले महीने से शुरू हो जाएगी।

## जाना बाजार निवासी पीड़ित के मुताबिक समाज कल्याण विभाग के कर्मियो द्वारा उसे मृत घोषित करने से वृद्वा पेंशन हुई बंद

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के तारुन विकास विकास खंड के जाना बाजार के निवासी पीडित ने समाज कल्याण विभाग कर्मियो पर आरोप लगाया कि उक्त विभाग के कर्मियो ने मुझे मृतक घोषित कर मुझे वृद्धा पेंशन पाने से वंचित कर दिया।वह अपने को जिंदा साबित करने के लिये अधिकारियो के चौखट पर जा रहा है।सूत्र के मुताबिक जिले के तारुन विकास खंड के जाना बाजार में ओझाने का पुरवा गांव का निवासी जिया लाल यादव पुत्र राम तीरथ यादव नामक व्यक्ति को समाज कल्याण विकास विभाग के अधिकारियों ने मृतक घोषित कर दिया।जिसके चलते उसकी वृद्धा पेंशन आना बंद हो गई।अपनी आर्थिक स्थिति से परेशान उक्त वृद्ध अब अपने को जिंदा साबित करने व पुरानी पेंशन चालू कराने के लिए अधिकारियों के दरवाजे खटखटा रहा है।सूत्र के मुताबिक पीडित इसकी शिकायत खंड विकास अधिकारी सहित मुख्यमंत्री पोर्टल पर की है।इस संबंध में जिले के विकासखंड तारुन के ग्राम पंचायत जाना बाजार के ओझाने निवासी जिया लाल यादव पुत्र राम तीरथ यादव ने बताया कि उनकी वृद्धावस्था की मिलने वाली समाज कल्याण विभाग से पेंशन की अंतिम किस्त के रूप में 31 मार्च 2021 को मिली थी।इसके बाद पेंशन आना बंद हो गया।जिसके न आने पर यह जानकारी खंड विकास कार्यालय ग्राम प्रधान ग्राम विकास अधिकारियों से शिकायत की तो उन लोगों द्वारा कहा गया कि कुछ दिन इंतजार करो आ जाएगी।काफी लंबे समय तक पेशन ना आने पर जनसुनवाई पोर्टल मुख्यमंत्री



के यहां ऑनलाइन शिकायत जियालाल ने दर्ज कराई। जन सुनवाई पोर्टल पर दिए गए जवाब के अनुसार जांच रिपोर्ट में लिखा गया पेंशन का वार्षिक सत्यापन खंड विकास अधिकारी द्वारा कराया गया।जिसमें खंड विकास अधिकारी की आख्या में मृतक पाए जाने के कारण उनकी पेंशन बंद होना बताया गया।रिपोर्ट पढ़ते ही जियालाल के होश उड़ गए।जब कि वह जिंदा रह कर के भी उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।अब जियालाल अपने को जिंदा साबित करने के लिए और अपनी पेंशन पुनः चालू कराने के लिए अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं।उन्होने अधिकारियों से इसकी लिखित शिकायत की।अब देखना यह है कि उसे न्याय कब तक मिलेगा।

## बसपा ने अयोध्या के बीकापुर विधानसभा से सुनील पाठक को उतारकर खेला ब्राह्मण कार्ड



अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बसपा ने सोमवार को शाम 61 प्रत्याशियो को टिकट देकर मैदान से उतारा।बसपा ने जहाँ एक ओर अयोध्या जिले के विधानसभा बीकापुर से अभी कुछ दिन पहले कांग्रेस छोड़कर व जिले में सौम्य शील व अपने कुशल व्यवहार से अलग छाप रखने वाले सुनील पाठक को टिकट देकर ब्राह्मण कार्ड खेला है।मालूम हो छात्र जीवन से राजनीति करने वाले सुनील पाठक पूर्वांचल में सबसे बडाघ महाविद्यालय साकेत महाविद्यालय में बतौर छात्रसंघ के अध्यक्ष भी रह चुके है।उसके बाद वे कांग्रेस पार्टी में कई सालो तक रहकर अनेक पदो पर भी रहे है।इसके साथ ही साथ वे इस समय जिले प्रसिद्ध बडीघ देवकाली मंदिर के संरक्षक भी है।अपने सौम्य शील व्यवहार से इनकी अच्छी छवि भी जिले में है।जिसे देखकर बसपा ने इन पर भरोसा जताकर इन्हें बीकापुर विधानसभा से टिकट दिया है।वही इसी कडी में अयोध्या विधानसभा से रवि प्रकाश मौर्या,गोशाईगंज विधानसभा से राम सागर वर्मा,रुदौली विधानसभा से एहसान मोहम्मद अली उर्फ चौधरी शहरयार,मिल्कीपुर विधानसभा से संतोष कुमार उर्फ सूरज चौधरी से बसपा ने टिकट देकर मैदान में उतारा है।वही इसी कड़ी में बसपा ने सलोन से स्वाति सिंह कठेरिया बसपा प्रत्याशी, तिलोई से हरिवंश कुमार दुबे बीएसपी प्रत्याशी, जगदीशपुर से जितेंद्र कुमार सरोज को टिकट, गौरीगंज से रामलखन शुक्ला बीएसपी प्रत्याशी घोषित किया।वही अमेठी से रागिनी तिवारी,इसौली से यशभद्र सिंह, सुल्तानपुर से देवीसहाय मिश्रा बीएसपी प्रत्याशी, सुल्तानपुर सदर से ओपी सिंह बीएसपी प्रत्याशी, लम्भुआ से उदयराज वर्मा,कादीपुर से हीरालाल गौतम, चित्रकूट से पुष्पेंद्र सिंह,मानिकपुर से बलबीर पाल, रामपुर खास से बांकेलाल पटेल बीएसपी के प्रत्याशी, बाबागंज से सुशील गौतम,कुंडा से मोहम्मद फहीम बीएसपी प्रत्याशी बनाया।जबकि विश्वनाथगंज से संजय त्रिपाठी,पट्टी से फूलचंद्र मिश्रा, प्रतापगढ़ सदर से आशुतोष त्रिपाठी बसपा प्रत्याशी, रानीगंज से अजय यादव,सिराथू से संतोष त्रिपाठी, मंझनपुर से नीतू कनौजिया,चायल से अतुल द्विवेदी, फाफामऊ से ओपी पटेल, सोरांव से आनंद भारती, हंडिया से नरेंद्र त्रिपाठी, मेजा से सर्वेश चंद्र तिवारी, फूलपुर से रामतौलन यादव,प्रतापपुर से घनश्याम पांडे, करछना से अरविंद कुमार बीएसपी के प्रत्याशी, इलाहाबाद पश्चिम से लल्लन सिंह पटेल को टिकट, इलाहाबाद उत्तर से संजय गोस्वामी बसपा प्रत्याशी, इलाहाबाद दक्षिण से देवेंद्र मिश्र नगरहा को टिकट, बारा से डॉ.शिव प्रकाश,कोरांव से राजबली जैसल, कुर्सी से नीता गौतम,रामनगर से रामकिशोर शुक्ला, बाराबंकी से डॉ विवेक सिंह वर्मा बीएसपी प्रत्याशी, जैदपुर से उषा सिंह,दरियाबाद से जगप्रसाद रावत को प्रत्याशी घोषित किया।वही हैदरगढ़ से श्रीचंद रावत, रुदौली से अहसान मोहम्मद, मिल्कीपुर से संतोष कुमार,बीकापुर से सुनील पाठक, अयोध्या से आरपी मौर्य,गोसाईगंज से रामसागर वर्मा, बलहा से रामचंद्र प्रसाद,नानपारा से हकीकत अली, मटेरा से आकिल उल्ला खान,महसी से दिनेश शुक्ला, बहराइच से नईम अहमद खान बीएसपी प्रत्याशी, पयागपुर से गीता मिश्रा,कैसरगंज से बकाउल्लाह, भिनगा से अलीमुद्दीन अहमद बीएसपी प्रत्याशी, श्रावस्ती से नीतू मिश्रा,मेहनौन से शिवकुमार विश्वकर्मा, गोंडा से हाजी मो.जकी,कटरा बाजार से विनोद शुक्ला, करनैलगंज से रंजीत गोस्वामी, तरबगंज से लालजी यादव, मनकापुर से श्याम नारायण,गौरा से निगार उस्मानी बसपा प्रत्याशी बनाया।

## संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर भारतीय किसान यूनियन की पंचायत सम्पन्न

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) भारतीय किसान यूनियन एवं संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर भारतीय किसान यूनियन जनपद अयोध्या द्वारा तिकोनिया पार्क में पंचायत करके/ प्रदर्शन करके विश्वासघात दिवस मनाया गया भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता/ पदाधिकारी तिकोनिया पार्क में पंचायत करने के बाद कलेक्ट्रेट तक पहुंचने हेतु प्रदर्शन कर रहे थे कि तहसील गेट पर पुलिस प्रशासन ने रोक लिया जहां पर भारतीय किसान यूनियन नेताओं ने रोड पर बैठकर जाम कर दिया और महामहिम राष्ट्रपति महोदय को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार सदर को सौंप कर प्रदर्शन वापस लिया।पंचायत को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि दिल्ली के सीमाओं पर बड़े आंदोलन चलने के बाद, 750 किसानों की शहादत होने के बाद केंद्र सरकार द्वारा 9 दिसंबर को लिखित आश्वासन देने के बाद आंदोलन समाप्त किया गया था लिखित आश्वासन देने के बाद भी केंद्र सरकार द्वारा यम यस पी पर कोई कमेटी नहीं बनाई गई, किसान आंदोलनकारियों पर दर्ज मुकदमे वापस नहीं लिए गए, शहीद किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया, घायल किसानों को भी आर्थिक सहायता नहीं दी गई अर्थात लिखित वादा करने के बाद भी केंद्र सरकार ने वादा नहीं निभाया जिसके कारण आज जनपद मुख्यालय पर वादा खिलाफी अर्थात विश्वासघात दिवस मनाया गया श्री वर्मा ने चुनौती दिया है कि यदि केंद्र सरकार अभिलंब समझौते का पालन नहीं करती है तो पुनः देशव्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा।इस प्रदर्शन में अभय राज ब्रह्मचारी, श्री राम वर्मा, जिला अध्यक्ष सूर्य नाथ वर्मा, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा भागीरथ वर्मा, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सुमन पांडे, महानगर अध्यक्ष अजय यादव, अरविंद यादव, फरीद अहमद, जगतपाल सिंह, राम गणेश मौर्य, मुनीराम यादव, सर्वजीत वर्मा, शोभाराम यादव, राम अवध किसान, देवी प्रसाद वर्मा, भोला सिंह, मोहम्मद इस्लाम, शंकर पाल पांडे, रामप्रताप गुप्ता, राकेश बर्मा, राम जन्म वर्मा, संतोष वर्मा ,राजेश मिश्रा, महेंद्र वर्मा, रामगोपाल मौर्य, मुकेश मौर्य, शिवराम शर्मा, सिद्धू भारती, रेखा रावत, मोहम्मद अली, मोहम्मद इमरान खान,लक्ष्मी देवी, पिंकी देवी, रामबचन, केशव देवी, मालती देवी, राम प्रकाश वर्मा, काली प्रसाद मौर्या, चिनुकू अली, आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## गोसाईगंज भाजपा प्रत्याशी आरती तिवारी ने किया क्षेत्र का भ्रमण

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर तहसील संवाददाता)जिले के गोसाईंगंज विधानसभा से घोषित भाजपा अपना दल तथा निषाद समाज पार्टी के संयुक्त गठबंधन की प्रत्याशी आरती तिवारी पत्नी खब्बू तिवारी का पहली बार गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान रामपुर भगन, केशरूआ, तारुन ,लालगंज, सहित एक दर्जन से अधिक जगहों पर जोरदार भव्य स्वागत हुआ।स्वागत समारोह में बसपा के तारुन प्रथम से पूर्व जिला पंचायत सदस्य रहे जमुना निषाद,व सियाराम वर्मा अपने सैकड़ो समर्थको संग बसपा छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर तारुन मुख्यालय के सामने उपस्थित जनसभा को सम्बोधित करते हुये भाजपा प्रत्याशी श्रीमती तिवारी ने कहा कि गोसाईगंज की देव तुल्य जनता मेरे सुहाग व जेल में निरूद्ध मेरे पति की रक्षा करेगी और मुझे इंसाफ दिलाने की लड़ाई लड़ेगी। कहा मैं इस पवित्र भूमि को प्रणाम करती हूं।आप सबका प्यार देखकर मुझे विश्वास हो गया की आप सब मेरे सिंदूर को बचाने का कार्य करेंगे।उनकी भावुक अपील पर जनसभा में पहुँची महिलाये रोने लगी।उन्होने कहा कि आप लोग जानते है कि मेरी शादी हुए 4 साल ही हुआ है मेरे पति को एक फर्जी मुकदमें में फंसा दिया गया यह जनता की सबसे बड़ी अदालत है मैं आप सबके बीच न्याय मांगने आयी हूँ आप सभी को मालूम है मेरा सिंदूर खतरे में है मैं अपने पिता तुल्य बुजुर्गो माताओं बहनों से अपने सिंदूर की भीख मांगने निकली हूं, आप ही मेरे भगवान हैं।आपका एक–एक मत मेरे सिंदूर को जीवनदान प्रदान करेगा मेरी दूधमुही, बच्ची, मेरे सिंदूर ,मेरे परिवार का अंतिम सहारा आप ही हैं ।जिस तरह से यहां की महान जनता ने मेरे पति को विधायक बनाया परंतु विरोधियों की साजिश से आज मेरा सिंदूर जेल की सीखचो मे बंद है।इसलिए मैं आप सभी को भगवान मानकर आपके बीच में हूं।आप मुझे न्याय दीजिए और मुझे सिंदूरदान दीजिए आपका एक–एक मत भारतीय जनता पार्टी को मजबूती प्रदान करेगा मेरे पति को न्याय दिलाने में संबल प्रदान करेगा समाज की सभी वर्गों का प्यार आशीर्वाद समर्थन जिस तरह से प्राप्त हो रहा है उससे मुझे विश्वास हो गया है।आप सभी का मिल रहा आशीर्वाद मेरे सिंदूर की रक्षा करेंगे। कहते कहते भावुक हो गयी ।भावुक अपील सुन वहाँ उपस्थित सभी महिलाओं के आंखों में आँसू आ गयी । भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि भाजपा का नारा है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, इसी के अनुसार हम लोग चुनाव में हैं और जनता का साथ मिल रहा है।कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल, अवधेश पाण्डेय, मणीन्द्र शुक्ला, राम नेवल वर्मा,प्रेम वर्मा ,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि फायराम वर्मा, ब्लाक प्रमुख दिनेश वर्मा भाजपा नेता नवीन वर्मा सीताराम गोस्वामी आदि लोग रहे।

## शिक्षक सभा के राष्ट्रीय सचिव बने रामबक्श

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर तहसील संवाददाता)समाजवादी पार्टी गुलाबबाड़ी कार्यालय पर शिक्षक सभा के राष्ट्रीय सचिव ने बनने पर राम बक्श यादव का भव्य स्वागत स्वागत हुआ।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव व संचालन जिला महासचिव डा घनश्याम यादव ने किया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री तेजनारायण पांण्डेय पवन रहे पूर्बमन्त्री ने माला पहना कर के स्वागत किया और मिठाई भी खिलाई। सपा प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि स्वागत करने वालों में समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष बाबूराम गौड़ , महानगर अध्यक्ष श्यामकृष्ण श्रीवास्तव, महानगर महासचिव हमीद जाफर मीसम,जिले के यूवजनसभा के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र यादव ,शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष दान बहादुर सिंह, जिला महासचिव डॉ घनश्याम यादव जिला सचिव बालकृष्ण मिश्र ,स्वाभिमान संस्थान के अध्यक्ष राम लखन यादव, महामंत्री आर जे यादव ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष वरिष्ठ डॉ आर के यादव, प्रभारी प्रमोद यादव व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राम सजीवन यादव ,सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष भीष्म, डॉ आर यादव, वरिष्ठ मीडिया प्रभारी कन्हैया यादव ,साकेत महाविद्यालय के पूर्व महामंत्री अवधेश यादव, पार्षद राम भवन यादव, पार्षद हाजी असद अहमद लक्ष्मण कनौजिया ,पार्षद राम अजोर यादव ,आनंद यादव, जितेंद्र यादव ,पार्षद जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव महानगर प्रवक्ता,राकेश यादव, नगर महानगर उपाध्यक्ष श्री चंद यादव ,व्यापारी नेता नंदकुमार नंदू, जिला उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, महंत रामदास, सामाजिक कार्यकर्ता श्रवण पांडे,लल्ला यादव, कुलदीप तिवारी आदि कार्यकर्ताओं ने बड़े गर्मजोशी से स्वागत किया । तेज नारायण पाण्डेय ने स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए कहा राम बक्श यादव के राष्ट्रीय सचिव बनने पर समाजवादी पार्टी को मजबूती मिलेगी हम अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आभार प्रकट करता हूं कि ऐसे कर्मठ, संघर्षशील व्यक्तिको राष्ट्रीय सचिव बनाकर अयोध्या विधानसभा का जो सम्मान किया है हम सभी लोग अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाकर कर्ज उतारने का काम करुंगा । शिक्षक सभा के राष्ट्रीय सचिव राम बक्श यादव ने कहा कि आप लोगों ने जो हमारा स्वागत किया है मैं आप सबका हृदय की गहराइयों से हार्दिक स्वागत अभिनंदन करता हूं आप सब से निवेदन करता हूं उत्तर प्रदेश में जो विधानसभाओं का चुनाव चल रहा है इसमें समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों को भारी मतों से विजई बनावे ।अयोध्या विधानसभा से तेजनारायण पाण्डेय पवन को विजय दिलाकर के उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को जब तक नहीं बना देंगे तब तक हम लोग चैन से नहीं बैठेंगे।

## शो पीस बना डिजिटल एक्सरे स्वास्थ सेवाओं की खोल रही पोल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)इस समय सरकार और स्वास्थ्य महकमा भले ही स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बड़े–बड़े दावे करें लेकिन जमीनी हकीकत कुछ अलग ही बयां करती है।मंत्री सीएम से शिकायत के बावजूद सीटी स्कैन मशीन की सुविधा हासिल नहीं हो सकी तो वही दान में मिली डिजिटल एक्सरे मशीन के लिए महकमा और सरकार फिल्म तक नहीं खरीद सके।गौरतलब है कि डिजिटल करण निर्माता कंपनी सैमसंग की ओर से वर्ष 2018 के दिसंबर माह में जिला अस्पताल प्रशासन को डिजिटल एक्सरे मशीन दान में दी गई थी। तब स्वास्थ्य महकमे ने डिजिटल एक्सरे मशीन के माध्यम से वाहवाही लूटी थी और मरीजों को अत्याधुनिक तकनीक का डिजिटल एक्सरे हासिल होने का दावा किया गया था लेकिन बीते 3 सालों में स्वास्थ्य महकमा शासन और सरकार दान में मिली डिटेल एक्सरे मशीन के लिए फिल्म तक खरीद नहीं सकी जिसके चलते या डिजिटल एक्सरे मशीन क्षेत्रीय निदान केंद्र में निष्प्रयोज्य पड़ी है।अस्पताल सूत्रों का कहना है कि चूहों ने मशीन की केबल को कुतर डाला है।इस जगह अव्यवस्था का आलम यह है कि देशभर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है लेकिन जिला अस्पताल में साफ सफाई के नाम पर केवल खानापूर्ति हो रही है। शौचालय की हालत खस्ता है और साफ सफाई ना होने के चलते इससे वाडो तक दुर्गंध आती है। नियम के तहत जिला चिकित्सालय में भर्ती प्रत्येक मरीज के बेड के पास यूरिन पाठ टॉयलेट पाठ और चिलम जी होना चाहिए लेकिन यह जरूरत पड़ने पर आसपास से खोजना पड़ता है। क्या व्यवस्था के तहत सभी वार्डों और ओपीडी में रोज साफ सफाई होनी चाहिए तथा कीटनाशक का छिड़काव होना चाहिए लेकिन यह तभी होता है जब कोई उच्चाधिकारी अस्पताल के निरीक्षण पर आता है। स्वास्थ विभाग की ओर से साफ सफाई का ठेका लखनऊ की प्राइम क्लीनिक संस्था को दिया गया है।

## किशोरी के अपहरण मामले में फरार चल रहा युवक गिरफ्तार

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के मवई पुलिस ने किशोरी को अपहरण करने के मामले में फरार चल रहे एक युवक को गिरफ्तार कर लिया।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक मवई नीरज सिंह ने बताया कि ग्राम जिया का पुरवा के दिलीप पुत्र सीताराम ने करीब दस माह पूर्व एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसला कर अपहरण कर लिया था।किशोरी के पिता ने मवई थाने में तहरीर देकर गांव के ही दिलीप के विरुद्ध नामजद तहरीर दी थी।पुलिस ने धारा 363,366 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर किशोरी को एक सप्ताह पूर्व बरामद कर आरोपी की तलाश में लगी थी।रविवार को मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि आरोपी युवक मवई चौराहा स्थित बैंक ऑफ इंडिया के निकट कहीं जाने के लिये किसी वाहन का इंतजार कर रहा है।मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक नीरज सिंह ने तत्काल उपनिरीक्षक फरीद खाँ को मौके पर भेजा।फरीद खाँ ने सिपाही जय सिंह तथा देवराज सिंह को लेकर मौके पर पहुंच कर दिलीप को को पकड़ लिया।प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दिलीप को जेल भेज दिया गया।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।